दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-34 सीहोर, शुक्रवार 20 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## मुख्यमंत्री ने जल के अपव्यय रोकने और एक-एक बूंद संग्रहण के लिए दिलाई शपथ

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रदेश में होंगे 2500 करोड़ राशि से विकास कार्य





भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारी सनातन संस्कृति की सबसे पवित्र धारा का अभियान है। जल की महत्ता ऐसी है कि इसके बिना कोई जीवित नहीं रह सकता है। शरीर 5 तत्वों से मिलकर बना है। ये सभी तत्व कभी अकेले नहीं रह सकते हैं। पानी के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुड़ी पड़वा, विक्रम संवत्, चेटीचंड, चैत्र नवरात्रि की बधाई देते हुए प्रदेश में तीसरे चरण के जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, जहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं। मां नर्मदा के पवित्र जल से मध्यप्रदेश के साथ गुजरात में भी आनंद की धारा बह रही है। हमारी नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ पड़ौसी राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जल संचय के अभियान में देशभर के जल स्त्रोतों के विकास कार्य करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान में 3 महीने तक लगातार जल संचय की गतिविधियां संचालित होंगी, जिसमें 2500 करोड़ की राशि से सभी विधानसभा, नगरीय निकायों और पंचायत स्तर पर जल संवर्धन और संचय के कार्य किए जाएंगे। हमारी सरकार ने पहले वर्ष में 30 दिन, दूसरे वर्ष में 120 दिन चलाया और मौजूदा तीसरे वर्ष में गुड़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक 139 दिनों तक प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को इंदौर के इस्कॉन मंदिर में आयोजित तीसरे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में अमृत 2.0 परियोजना में सिंगल क्लिक से 12.72 करोड़ लागत से बिलावली तालाब, 4.89 करोड़ लागत से लिम्बोदी तालाब, 3.82 करोड़ लागत से छोटा सिरपुर तालाब के जीर्णोद्धार कार्यों के भूमि-पूजन सहित 22 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में जल के अपव्यय को रोकने और एक-एक बूंद संग्रहण के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि 'जल ही जीवन है, जल है तो कल है' के मूल मंत्र के साथ जागरूकता फैलाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार्मिक और पर्यावरणीय संदेशों से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों में भी शामिल हुए। उन्होंने इस्कॉन मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया और गौ माता की पूजा कर उन्हें गौ-ग्रास खिलाया।

## ईद-उल-फितर का चांद नजर नहीं आया, देश में कल मनाई जाएगी ईद



नई दिल्ली,(ए.)। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में गुरुवार को ईद-उल-फितर का चांद नजर नहीं आया है। वैसे भी मौसम खराब होने की वजह से चांद नजर आने की संभावनाएं कम हो गई थीं। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों से भी कहीं से चांद निकलने की सूचना नहीं मिली है, इसलिए शाही जामा मस्जिद के इमाम शाबान बुखारी ने मरकजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी की बैठक के बाद यह ऐलान किया है कि शुक्रवार, 20 मार्च को रमजान का तीसवां रोजा रखा जाएगा और शनिवार, 21 मार्च को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा।

## भारत में बाल मृत्यु दर में भारी गिरावट, संयुक्त राष्ट्र ने भारत की जमकर तारीफ की

नई दिल्ली,(ए.)। चैत्र नवरात के पावन मौके पर संयुक्त राष्ट्र की तरफ से रिपोर्ट सामने आई है, इस रिपोर्ट में बताया गया हैं कि भारत में बाल मृत्यु दर में भारी गिरावट हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने बाल मृत्यु दर में गिरावट को लेकर भारत की जमकर सराहना कर मोदी सरकार की तारीफ की है। वहीं, रिपोर्ट पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने लिखा कि यूएन की रिपोर्ट में बच्चों की मौत में तेज गिरावट के लिए भारत की तारीफ हुई है। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्युदर अनुमान अंतर-एजेंसी समूह (यूएनआईजीएमई) की ताजा रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, बच्चों की मौत की दर को कम करने में दुनियाभर में हुई तरक्की में भारत अहम योगदान देने वाला देश बना है। रिपोर्ट में बच्चों के बचने के नतीजों को बेहतर बनाने के लिए, खासकर नवजात और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत के मामले में देश की लगातार और बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए है।रिपोर्ट में कहा गया है कि इन नतीजों ने मजबूत, केंद्र और राज्यों द्वारा संचालित तथा मानकों पर आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की प्रभावशीलता को दिखाया है।

## ईरान युद्ध का असरः खाद संकट से भारतीय कृषि पर मंडरा रहा खतरा



नई दिल्ली (ए.)। ईरान से जुड़े मौजूदा तनाव का असर अब वैश्विक खाद बाजार पर साफ दिखने लगा है, जिसका सीधा प्रभाव भारतीय कृषि पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार होर्मुज में शिपमेंट बाधित होने से सल्फर, यूरिया और फॉस्फेट जैसे प्रमुख रसायनों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे खाद की कीमतों में तेजी आ रही है।रिपोर्ट्स के मुताबिक वैश्विक खाद व्यापार का 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। ऐसे में यदि स्थिति लंबी खिंचती है, तो सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। भारत के लिए चिंता इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि मार्च-अप्रैल के बीच खाद आयात का अहम समय होता है, जबकि मई से मक्का की बुवाई शुरू होती है, जो सबसे अधिक खाद पर निर्भर फसल है।

विशेषज्ञों का कहना है कि प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घटने से नाइट्रोजन आधारित खादों के उत्पादन पर भी असर पड़ा है।

## कानपुर में ट्रेन ट्रैक पर जला एलपीजी सिलेंडर मिला, यात्रियों में दहशत

कानपुर (ए.)। कानपुर कैंटोनमेंट इलाके में बुधवार शाम लगभग 7:30 बजे दिल्ली-प्रयागराज रेल मार्ग पर एक छोटा एलपीजी सिलेंडर जल गया। यह घटना कानपुर सेंट्रल स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर दूर सुनसान इलाके में हुई। पांच किलो का सिलेंडर ट्रैक से लगभग सात फीट दूर मिला। स्थानीय निवासियों ने आग पर पुलिस और आरपीएफ के आने से पहले ही काबू पा लिया। पुलिस के अनुसार, सिलेंडर महाबोधि एक्सप्रेस से गिरा हो सकता है और गैस रिसाव के कारण उसमें आग लग गई।



पश्चिम बंगाल के कोलकाता में, राज्य विधानसभा चुनावों से पहले, भाजपा उम्मीदवार स्वपन दासगुप्ता राशबिहारी विधानसभा क्षेत्र के लिए एक स्थानीय बाज़ार में प्रचार करते हुए.

## भोपाल में रामनवमी समेत इन पर्वों पर मांस विक्रय प्रतिबंधित, उल्लंघन करने वाले पर लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी

भोपाल (आरएनएस) । भोपाल नगर निगम ने रामनवमी और अन्य पर्वों को लेकर मांस विक्रय को लेकर सख्त आदेश जारी किया है। नगर निगम की सीमा के अंदर आने वाले दुकानदारों के लिए यह साफ कर दिया गया है कि चार खास पर्वों के दिन मांस की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। यदि कोई भी दुकान इन दिनों मांस बेचती हुई पाई जाती है, तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाएगा और पुलिस कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने विशेष रूप से यह बताया है कि चेटीचंड (सिंधी समाज का सबसे बड़ा और प्रमुख त्योहार) , रामनवमी, महावीर जयंती और बुद्ध जयंती के अवसर पर निगम की सीमा के अंदर मांस की सभी दुकानें बंद रहेंगी। ये आदेश धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के पर्वों को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह नियम सभी दुकानदारों के लिए समान रूप से लागू होगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। चेटीचंड के अवसर पर यानी 20 मार्च 2026 को भोपाल नगर निगम की सीमा के भीतर स्थित सभी मांस विक्रय की दुकानें बंद रहेंगी। इसके बाद 27 मार्च को रामनवमी, 31 मार्च को महावीर जयंती और 1 मई को बुद्ध जयंती के दिन भी यही नियम लागू होगा।

## एनसीआर में बारिश और तेज हवाओं से प्रदूषण में बड़ी गिरावट, एक्यूआई येलो जोन में पहुंचा



नोएडा (आरएनएस)। अचानक बदले मौसम ने पूरे एनसीआर को राहत दी। तेज हवाओं, धूल भरी आंधी और हल्की से मध्यम बारिश के चलते वायु प्रदूषण में गिरावट दर्ज की गई। कई दिनों से खराब श्रेणी में चल रहा एयर क्वालिटी इंडेक्स अब घटकर येलो जोन यानी 'मध्यम' श्रेणी में पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 मार्च और 20 मार्च को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है। विभाग ने दोनों दिनों के लिए गरज-चमक के साथ बारिश, 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और आंधी की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के लोकल फोरकास्ट के मुताबिक, 19 मार्च को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री रहने का अनुमान है, जबकि 20 मार्च को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 17 डिग्री तक जा सकता है। दोनों ही दिनों में सुबह, दोपहर, शाम और रात- हर समय हल्की बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना जताई गई है।

वहीं 7 दिनों के पूर्वानुमान के अनुसार, 19 और 20 मार्च को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और एक-दो बार बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। 21 और 22 मार्च को मौसम आंशिक रूप से साफ रहने की संभावना है, जबकि 23 और 24 मार्च को आसमान मुख्यत: साफ रहने का अनुमान है। बारिश के बाद प्रदूषण स्तर में भी सुधार देखने को मिला है।

दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया। आनंद विहार में एक्यूआई 140, अशोक विहार में 148, चांदनी चौक में 171 और बवाना में 162 रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह नोएडा में सेक्टर-1 में एक्यूआई 196, सेक्टर-125 में 181, सेक्टर-116 में 172 और सेक्टर-62 में 150 दर्ज हुआ।

## दिल्ली में एक साथ एक ही परिवार की नौ चिताएं जलीं

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली के मंगलापुरी शमशान घाट पर जब एक के बाद एक नौ चिताएं लगाई गईं तो वहां मौजूद हर आंख नम थी और हर दिल भारी। वह घर जो कुछ घंटों पहले तक एक खुशहाल कुनबा था, उसके 9 लोग देखते ही देखते काल के मुंह में समा गए। यह दृश्य हर किसी के कलेजे को चीर देने वाला था। दिल्ली के मंगलापुरी शमशान घाट पर जब एक के बाद एक नौ चिताएं लगाई गईं तो वहां मौजूद हर आंख नम थी और हर दिल भारी। वह घर जो कुछ घंटों पहले तक एक खुशहाल कुनबा था, उसके 9 लोग देखते ही देखते काल के मुंह में समा गए। यह दृश्य हर किसी के कलेजे को चीर देने वाला था। पालम इलाके में हुए अग्निकांड में 19 लोगों के परिवार में से नौ लोग मौत के मुंह में समा गए। वहीं, तीन गंभीर रूप से घायल हालत में अस्पताल में जिंदगी के लिए जंग लड़ रहे हैं। परिजनों ने देर शाम ही मंगलापुरी श्मशान घाट में सभी शवों के दाह संस्कार किए। इस दौरान परिवार के मुखिया राजेंद्र कश्यप कई बार शवों को चिताओं को देखते हुए बेहोश हो गए। इस दौरान परिजनों व स्थानीय लोगों ने उन्हें संभाला।

## हलाला से मुस्लिम महिलाओं को मिलेगी आजादी; भाजपा शासित राज्य में बड़ा कदम, लगेगा जुर्माना और होगी जेल

नई दिल्ली(ए.)। गुजरात सरकार ने बुधवार को 'गुजरात समान नागरिक संहिता (यूसीसी), 2026' विधेयक विधानसभा में पेश कर राज्य को यूसीसी लागू करने की दिशा में अग्रणी राज्यों की कतार में खड़ा कर दिया है। विधेयक के पारित होने के बाद विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सहजीवन (लिव-इन रिलेशनशिप) जैसे मामलों में धर्म, जाति या पंथ के आधार पर अलग-अलग कानूनों की जगह एक समान कानून लागू होगा। सरकार का दावा है कि इस कदम से सभी नागरिकों को समान अधिकार सुनिश्चित होंगे और सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी।विधेयक में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए अहम प्रावधान किए गए हैं। खास तौर पर 'हलाला' जैसी प्रथाओं पर रोक लगाने की व्यवस्था की गई है। प्रस्तावित कानून के अनुसार तलाक के बाद कोई भी दंपति बिना किसी शर्त के दोबारा विवाह कर सकता है, जिसमें पूर्व पति-पत्नी के बीच पुनर्विवाह भी शामिल है।






## जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित अनेक स्थानों पर हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

### जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिक ने साफ-सफाई एवं श्रमदान कर किया अभियान का शुभारंभ
### अभियान के तहत किया जाएगा जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार एवं जल संरक्षण

भोपाल (आरएनएस) । शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिले की ग्राम पंचायत लसुड़िया परिहार, निमोटा, कोठरा पिपल्या, भीलखेड़ा, बमुलिया, सिराली, सीगांव सहित सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित कर इस अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के शुभारंभ कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और नागरिकों ने नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के कार्य भी प्रारंभ हुए। इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। अभियान के शुभारंभ अवसर पर सीहोर जनपद की ग्राम पंचायत भीलखेड़ी में जनपद अध्यक्ष श्रीमती नाबड़ी बाई ने तालाब गहरीकरण कार्य में श्रमदान कर अभियान का शुभारंभ किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत लसुड़िया परिहार में जनपद



सीईओ श्रीमती नमिता बघेल ने नदी की सफाई के लिए श्रमदान कर अभियान का जनपद स्तर पर शुभारंभ किया। इसी प्रकार जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्री प्रदीप सिंह सेंगर सहित अन्य सदस्यों द्वारा ग्राम बमुलिया दोराहा एवं शेखपुरा में तालाब गहरीकरण कार्य एवं साफ-सफाई में श्रमदान कर अभियान का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जाएंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करने, उनकी साफ सफाई करने और पौधरोपण आदि कार्य किए जाएंगे। अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।



# हिन्दू नव वर्ष के पहले दिन उज्जैन को मिली अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पुल की सौगात : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 8.30 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित तरणताल का किया लोकार्पण

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में गुरूवार को नगर निगम द्वारा नवनिर्मित तरणताल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि विक्रम संवत 2083 हिन्दू नव वर्ष पहले दिन शहरवासियों को तरणताल की सौगात मिली है। नगर निगम के स्विमिंग पुल से शहरवासियों की कई यादें जुड़ी हुई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पुल की सौगात मिली है तो इसका मेंटेनेंस बनाये रखना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुभारंभ अवसर पर आयोजित तैराकी स्पर्धा के विजेता बालक-बालिका वर्ग की टीम को 51-51 हजार रूपये पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौरमुकेश टटवाल, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती, संजय अग्रवाल,राजेश धाकड़ मौजूद थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा 8.30 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित तरणताल (स्विमिंग पुल) का करीब 2 साल पहले भूमि-पूजन किया गया था। आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल का लोकार्पण करते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हुई है। इसके निर्माण से अब उज्जैन की प्रतिभाओं को नये पंख लगेंगे और भविष्य के लिये मजबूत नींव रखी जा सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान महाकाल की नगरी में क्षिप्रा में तैराकी करने का भी अपना अलग आंनद है। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण महापौर मुकेश टटवाल ने दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत महापौर श्री टटवाल और नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, उज्जैन स्मार्ट सिटी के सीईओ संदीप शिवा, तैराकी संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजन-अर्चन के बाद फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित तैराकी स्पर्धा में प्रथम श्री शिवोहम् तिवारी, द्वितिय श्री आर्यन राजपूत, तृतीय श्री समर्थ गेहलोत रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग के खिलाडियों को 51-51 हजार रूपए देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है की नगर निगम द्वारा उक्त तरणताल पुराने तरणताल के स्थान पर नया बनाया गया है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है।

तरणताल का कुल क्षेत्रफल 25350 मीटर है तथा इसकी गहराई 4.5 फीट से 6.15 फीट तक रखी गई है। इसके साथ ही बच्चों के लिए वार्मअप पुल भी निर्मित किया गया है जिसकी गहराई 2.5 फीट से 3 फीट रखी गई है। तरणताल में विजिटर गैलेरी बनाई गई है। जिसमें 200 से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। इसी के साथ पार्किंग, फूड कोर्ट, सिटिंग चेयर, पार्क, आधुनिक फिल्टर प्लांट, शावर की सुविधा और वेटिंग रूम की भी सुविधा भी रहेगी। तरणताल का संचालन नगर पालिका निगम द्वारा किया जाएगा।

# बोहरा समाज ने सादगी के साथ अदा की ईद की नमाज, अमन-शांति की मांगी दुआ

भोपाल, (निप्र.)। भोपाल शहर में बोहरा समाज ने ईद का पर्व सादगी और धार्मिक आस्था के साथ मनाया। गुरुवार सुबह से ही शहर की प्रमुख मस्जिदों और मरकजों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ जुटी। नमाज के दौरान देश और दुनिया में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ की गई। नमाज नूर महल मरकज, अलीगंज मस्जिद, करोंद स्थित बुरहानी मस्जिद, सोफिया कॉलेज परिसर की बद्री मस्जिद, कोहफिजा मरकज, कब्रस्तान स्थित अहमदी मस्जिद और मालीपुरा की हुसैनी मस्जिद में अदा की गई। सभी स्थानों पर समाजजनों ने अनुशासन और सादगी के साथ धार्मिक परंपराओं का पालन किया गया। मीडिया इंचार्ज इब्राहिम अली दाऊद ने बताया कि अलीगंज मस्जिद में जनाब इब्दे मदियान की मौजूदगी में नमाज अदा की गई। इसी क्रम में जूजर भाईसाहब जाकवी और मुफद्दल भाईसाहब की देखरेख में अन्य इलाकों में भी लोग नमाज में शामिल हुए।नमाज के बाद समाजजनों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश साझा किया। पूरे आयोजन में सादगी पर विशेष जोर रहा और समाज ने आपसी सौहार्द और धार्मिक अनुशासन के साथ त्योहार मनाया।

# खाकी में आध्यात्मिक शांति का संचारः देवास पुलिस ने अपनाया तनाव मुक्त पुलिसिंग का मंत्र

## मध्यप्रदेश पुलिस और हार्टफुलनेस संस्थान का संगम— संवेदनशीलता, सेवा और संतुलन की नई दिशा

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने एवं जनसेवा में संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव एवं प्रेरणादायक पहल में दिनांक 19 मार्च को थाना औद्योगिक क्षेत्र, देवास में एक विशेष ध्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा एवं पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती रुचि वर्धन मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोत के नेतृत्व से हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु एवं हार्टफुलनेस संस्थान के प्रणेता कमलेश डी. पटेल ('दाजी') की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने पहली बार किसी पुलिस थाने में पहुंचकर पुलिसकर्मियों के साथ सीधे संवाद किया एवं ध्यान सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान 'दाजी' ने पुलिसकर्मियों को ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से मानसिक तनाव को नियंत्रित करने, भावनात्मक संतुलन बनाए रखने एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के व्यावहारिक उपाय बताए।

# अहमदाबाद-कोलकाता एवं सूरत-भागलपुर एक्सप्रेस में एक थर्ड एसी कोच बढ़ाये गए



भोपाल। रेलवे समर सीजन में यात्रियों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए भोपाल मंडल होकर संचालित दो ट्रेनों अहमदाबाद-कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस एवं सूरत-भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस में 01 थर्ड एसी कोच मई माह से अगले आदेश तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। 1.गाड़ी संख्या 19413/14 अहमदाबाद-कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस में दिनांक 27 मई को अहमदाबाद से एवं दिनांक 30 मई को कोलकाता से इस ट्रेन में 5 थर्ड एसी कोच की बजाय 6 थर्ड एसी कोच होंगें। 2. गाड़ी संख्या 22947/48 सूरत-भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस में दिनांक 23 मई को सूरत से एवं दिनांक 25 मई को भागलपुर से इस ट्रेन में 6 थर्ड एसी कोच की बजाय 7 थर्ड एसी कोच होंगें। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि उक्त ट्रेनों में बढ़े कोच, समय, ठहराव एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे की अधिकृत सूचना प्रणाली से जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

# मध्यप्रदेश को प्राप्त हुई समग्र शिक्षा बजट की चौथी किश्त

भोपाल, (निप्र)। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा मध्यप्रदेश को समग्र शिक्षा की चौथी और अंतिम किश्त भी जारी कर दी गई है। देश के बड़े राज्यों में मध्यप्रदेश पहला राज्य है जिसे इस केन्द्रीय योजना की चौथी किश्त जारी की गई है। इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विभागीय सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि, यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता और निरन्तर किए जा रहे संवेदनशील प्रयासों को दर्शाती है।स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में पूरी लगन और तत्परता से कार्य कर रही है। हमने प्रदेश में विद्यार्थी हित की समस्त योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। शासन का निरन्तर प्रयास रहता है कि स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए कहीं भी धन की कमी नही आने दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इस वर्ष हम शैक्षणिक सत्र के आरंभ से ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, लैपटॉप वितरण, साईकिल वितरण, स्कूटी वितरण आदि के साथ विभिन्न छात्रवृतियों, गणवेश, शिष्यवृतियों और स्टॉयपेंड आदि विद्यार्थी हित की योजनाओं का लाभ उन तक पहुचाने में सफल रहे हैं। भारत सरकार के द्वारा समग्र शिक्षा की चौथी किश्त में मध्यप्रदेश को 688.44 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं। समग्र शिक्षा योजना देश भर में केन्द्र और राज्य सरकारों के मिश्रित बजट से संचालित की जाती है। जिसमें 6 प्रतिशत राशि की अंश निधि केन्द्र सरकार की एवं 4 प्रतिशत राज्य सरकार की होती है। समग्र शिक्षा योजना में भारत सरकार के द्वारा स्वीकृत वार्षिक बजट को त्रैमासिक रूप से प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार के द्वारा स्वयं की 4 प्रतिशत अंश निधि जारी करने एवं पिछली किश्त की कुल राशि का न्यूनतम 75 प्रतिशत व्यय करने के बाद ही केन्द्र सरकार के द्वारा अगली किश्त प्रदान की जाती है।

# रायसेन के डायल-112 हीरोज : मानसिक रूप से अस्वस्थ 08 वर्षीय बालिका को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

भोपाल (निप्र)। रायसेन जिले के थाना मंडीदीप क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता एवं तत्परता से मानसिक रूप से अस्वस्थ एक 08 वर्षीय बालिका, जो घर का रास्ता भटक गई थी, को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई इस मानवीय कार्रवाई से बालिका को सुरक्षा एवं परिवार का साथ प्राप्त हो सका। दिनांक 18 मार्च को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मंडीदीप क्षेत्र अंतर्गत आकांक्षा कॉलोनी में एक 08 वर्षीय बालिका अकेली मिली है, जो घर का रास्ता भटक गई है एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मंडीदीप थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक महेश कुमार टेकाम एवं पायलट सौरभ द्वारा बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया। बालिका अपने परिजनों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी देने में असमर्थ थी।

# जीआरपी भोपाल की त्वरित कार्रवाई-कुछ ही घंटों में 15 लाख का डम्पर बरामद




भोपाल (निप्र)। रेलवे परिसर में हुई डम्पर ट्रक चोरी की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए जीआरपी भोपाल ने अपनी सतर्कता एवं तत्परता का परिचय दिया है। महज कुछ घंटों के भीतर पुलिस ने चोरी गया डम्पर ट्रक बरामद कर लिया तथा घटना में संलिप्त विधि-विरुद्ध नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया। दिनांक 15 मार्च की मध्यरात्रि को फरियादी मिराज खान (निवासी करोंद, भोपाल) द्वारा रेलवे परिक्षेत्र स्थित पश्चिम रेलवे कॉलोनी के निर्माणाधीन समदड़िया ग्रुप की साइट से डम्पर ट्रक चोरी होने की सूचना थाना जीआरपी भोपाल में दी गई। मामला गंभीर होने पर तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की गई।

जांच के दौरान सामने आया कि नाबालिग बालक एक दिन पूर्व साइट पर काम मांगने गया था। उम्र कम होने के कारण उसे काम नहीं मिला। पूर्व में ट्रक चालकों के साथ रहकर वाहन चलाना सीख चुका बालक, मौके पर खड़े डम्पर में चाबी लगी देखकर उसे लेकर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक रेलवे भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू डावर एवं उप पुलिस अधीक्षक रामस्नेही चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक जहीर खान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। प्राप्त सूचना के आधार पर जे.पी. नगर, कार्बाइड फैक्ट्री क्षेत्र से ट्रक को बरामद किया गया, जहां नाबालिग बालक ट्रक में ही सोता मिला। चोरी गया डम्पर ट्रक जप्त की कुल अनुमानित कीमत 15 लाख थी नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर काउंसलिंग की गई। प्रकरण किशोर न्यायालय में प्रस्तुत कर बालक को परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक जहीर खान, उपनिरीक्षक मिथलेश भारद्वाज, प्रधान आरक्षक राजेश शर्मा, आरक्षक अनिल सिंह, सचिन जाट एवं बृजेश कारपेंटर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# पुलिस सैलरी पैकेज योजनाः कठिन समय में पुलिस परिवारों का सशक्त सहारा

भोपाल, (निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण हेतु संचालित योजनाएं कठिन परिस्थितियों में पुलिस परिवारों के लिए सशक्त सहारा बनकर सामने आ रही हैं। बड़वानी एवं मुरैना में हुई घटनाओं में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई है। पुलिस बल बड़वानी में पदस्थ स्व. आरक्षक जयेश वर्मा का एक दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो जाने पर उनका वेतन खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा अंजड़ में पुलिस सैलरी पैकेज योजना से संबद्ध होने के कारण उनके नामांकित उत्तराधिकारी को दुर्घटनावश मृत्यु बीमा के रूप में एक करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा परिजनों को उक्त राशि का चेक सौंपा गया। इससे पूर्व सागर जिले में हुई एक दुखद सड़क दुर्घटना में बीडीडीएस टीम के पुलिसकर्मियों के निधन के बाद मुरैना में स्व. आरक्षक प्रद्युम्न दीक्षित एवं स्व. आरक्षक अनिल कौरव के परिजनों को भी एसबीआई पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ ने परिजनों को उक्त राशि के चेक सौंपे। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस वेतन पैकेज खाता के जरिए अनेक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# भोपाल में झुग्गियां हटाने के विरोध में अयोध्या बायपास पर हंगामा, एक घंटे जाम से यातायात प्रभावित



भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अयोध्या बायपास पर झुग्गियां हटाने के विरोध में गुरुवार दोपहर केसर बस्ती के रहवासियों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी। करीब एक घंटे तक चले विरोध के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।प्रदर्शन के दौरान लोगों ने सड़क पर पत्थर रखकर आवागमन रोक दिया। करीब एक घंटे तक सड़क पर जाम लगाया। इस बीच कुछ प्रदर्शनकारी हाथों में लाठियां लेकर सड़क से गुजरने की कोशिश कर रहे लोगों की ओर दौड़ते नजर आए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। मौके पर मौजूद महिलाओं की भी बड़ी संख्या प्रदर्शन में शामिल रही। सूचना मिलते ही अयोध्या नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया।थाना प्रभारी महेश लिल्हारे के अनुसार, बस्ती के रहवासियों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके हैं। लोगों को समझाइश देकर हटाया गया। गोविंदपुरा एसडीएम भुवन गुप्ता ने बताया कि अयोध्या बायपास प्रोजेक्ट के चलते उक्त झुग्गियां हटाई जाना है। इसके लिए दो बार नोटिस दिए जा चुके हैं। हालांकि, आज कार्रवाई के लिए अमला नहीं गया था। न ही कोई प्रक्रिया की गई, इसके बावजूद विरोध प्रदर्शन हुआ।

## सड़क चौड़ीकरण परियोजना का मामला

दरअसल नेशनल हाईवे-146 पर आशाराम तिराहा से रत्नागिरी तिराहे तक करीब 16 किलोमीटर लंबी सड़क को 10 लेन में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत सड़क किनारे स्थित निर्माण हटाए जा रहे हैं, जिसमें कई दुकानें, मकान, धार्मिक स्थल और सरकारी भवन बाधा बन रहे हैं। जिन्हें हटाया जा रहा है, इसमें केसर बस्ती की 90 झुग्गियां भी शामिल हैं। इसी दौरान आनंद नगर में एक फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा। इसके लिए सड़क किनारे की 146 दुकानें हटाई जा चुकी हैं। साथ ही तीन धार्मिक स्थलों, एक वार्ड कार्यालय और एक पुलिस चौकी को शिफ्ट किया गया है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि उन्हें न तो पर्याप्त मुआवजा मिला है और न ही पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था की गई है। इसी को लेकर लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि पहले वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, उसके बाद ही हटाने की कार्रवाई की जाए।

# जीतू पटवारी ने विधायक मल्होत्रा मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को बताया लोकतंत्र की जीत



भोपाल, (निप्र.)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुरुवार को विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधायकी बरकरार रखने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सत्य, न्याय, लोकतंत्र और संविधान की ऐतिहासिक जीत बताया।जीतू पटवारी ने कहा कि यह फैसला सिर्फ एक विधायक की सदस्यता बनाए रखने का निर्णय नहीं है, बल्कि जनता के जनमत और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने न्यायपालिका की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह साबित हो गया कि देश में संविधान सर्वोपरि है और राजनीतिक षड्यंत्र के आगे न्याय नहीं झुकता। पीसीसी चीफ पटवारी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विजयपुर में जनमत को प्रभावित करने के लिए भाजपा ने हरसंभव प्रयास किए, लेकिन अंततः सत्य की जीत हुई। उनका कहना था कि यह निर्णय उन मानसिकताओं को करारा जवाब है, जो लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ करती रही हैं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के सियासी षड्यंत्र बेनकाब हुए हों। पूर्व में भी प्रदेश में जनप्रतिनिधियों को डराने और दबाव बनाने की कोशिशें सामने आई हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी रही है और आगे भी यह करती रहेगी। विजयपुर का यह निर्णय उन सभी ताकतों के लिए संदेश है जो लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास करती हैं। उन्होंने भाजपा से अपील की कि वह इस कानूनी सबक को याद रखे और भविष्य में लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा जनमत का सम्मान करे।

# पमरे प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने भोपाल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं एवं निशातपुरा गुड्स शेड का निरीक्षण किया



भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में दिनांक 19 मार्च को प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार रजक द्वारा भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं एवं निशातपुरा गुड्स शेड का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री रजक ने भोपाल स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, स्लीपिंग पोड, एस्केलेटर, लिफ्ट, पेयजल व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली, शौचालयों एवं स्टेशन परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुविधा एवं सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही श्री रजक द्वारा निशातपुरा स्थित गुड्स शेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवरात्रि की शुरुआत पर शारदा धाम में आस्था का सैलाब, सुबह 3 बजे खुले पट, भक्तों की लंबी कतारें



मां शारदा।

मैहर (ए.)। मैहर में चैत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही मां शारदा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। त्रिकूट पर्वत पर स्थित इस प्रसिद्ध शक्तिपीठ में गुरुवार तड़के 3 बजे मंदिर के पट खुलते ही हजारों भक्त दर्शन के लिए कतारों में लग गए। सुबह 4 बजे विशेष आरती के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिसे प्रधान पुजारी पवन दाऊ महाराज ने संपन्न कराया। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति और ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

नवरात्रि का प्रत्येक दिन मां दुर्गा के एक स्वरूप को समर्पित होता है। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ। इसके बाद क्रमशः मां ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाएगी। मंदिर में प्रतिदिन अलग-अलग श्रृंगार, भोग और अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

नवरात्रि मेले को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा है कि बुधवार से ही मैहर रेलवे स्टेशन पर भीड़ बढ़ने लगी। गुरुवार सुबह स्टेशन का दृश्य किसी बड़े आयोजन जैसा नजर आया, जहां दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु जयकारों के साथ मंदिर की ओर बढ़ते दिखे।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। मेला क्षेत्र में 560 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं, जिनमें क्यूआरएफ और एसएएफ की टीमें शामिल हैं। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, साथ ही दो ड्रोन से हवाई निगरानी की जा रही है।

जिला मजिस्ट्रेट रानी बाटड ने वीआईपी दर्शन व्यवस्था को पूरी तरह बंद कर दिया है। इससे सभी श्रद्धालुओं को बिना भेदभाव के सुगम दर्शन का अवसर मिलेगा। व्यवस्था बनाए रखने के लिए 14 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, पार्किंग, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए हैं। पैदल मार्ग और रोपवे दोनों को सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है।

नवरात्रि के इन पावन दिनों में मैहर पूरी तरह भक्ति में डूबा हुआ है। श्रद्धालुओं की आस्था, मंदिर की भव्यता और प्रशासन की तैयारियां इसे एक प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में और मजबूत बना रही हैं।

# 'होश न आता तो जिंदा ही चीर देते', गुना जिला अस्पताल में जीवित युवक को पोस्टमॉर्टम रूम भेजने के आरोप

गुना (ए.)। गुना जिले के जिला अस्पताल से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक युवक ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में इलाज के दौरान उसे मृत समझ लिया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन ने इन दावों को पूरी तरह से खारिज करते हुए इसे भ्रामक बताया है।

जानकारी के अनुसार, युवक ने दावा किया कि वह इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचा था, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत मान लिया। उसके मुताबिक, जब उसे होश आया तो उसने खुद को पोस्टमॉर्टम कक्ष में पाया, जहां उसके शरीर की जांच की तैयारी की जा रही थी। यह देखकर वह घबरा गया और बिना कपड़ों के ही वहां से बाहर भाग निकला। युवक का कहना है कि अगर उसे समय पर होश नहीं आता तो उसके शरीर पर चीरा लगाकर पोस्टमॉर्टम शुरू कर दिया जाता, जिससे उसकी जान को खतरा हो सकता था।

घटना को लेकर युवक ने 18 मार्च को एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें उसने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। वीडियो सामने आने के बाद यह मामला तेजी से चर्चा में आ गया और लोगों के बीच तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। मामले की पृष्ठभूमि भी



काफी संवेदनशील बताई जा रही है। युवक के अनुसार, उसने 11 मार्च को मानसिक तनाव के चलते सल्फास का सेवन कर लिया था। बताया गया है कि वह प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद के चलते एक महिला के घर पहुंचा था, जहां उसने यह कदम उठाया। बाद में उक्त महिला ही उसे अचेत अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसका उपचार शुरू किया गया।

इस दौरान अस्पताल परिसर में एक और विवाद सामने आया। युवक के परिजन अस्पताल पहुंचे और उन्होंने महिला पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि महिला के साथ मारपीट तक की नौबत आ गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें युवक खुद महिला को बचाने की कोशिश करता हुआ नजर आया। इसी वजह से अब यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि युवक को मृत मानकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया था, तो वह उसी दौरान अपने परिजनों के बीच कैसे दिखाई दिया।

दूसरी ओर, इस पूरे मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन ने युवक के आरोपों को सिरे से नकार दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजकुमार ऋषिश्वर ने स्पष्ट किया कि यह मामला तथ्यों से परे है और इसमें कोई ठोस प्रमाण सामने नहीं आया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया एक निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत होती है, जिसमें शव को पुलिस द्वारा भेजा जाता है और आवश्यक दस्तावेज भी पूरे किए जाते हैं। सीएमएचओ का कहना है कि बिना पुलिस की अनुमति और औपचारिकताओं के किसी भी व्यक्ति को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि युवक के पास किसी प्रकार के दस्तावेज या प्रमाण हैं तो उन्हें प्रस्तुत किया जाना चाहिए, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा सके। बिना साक्ष्य के इस तरह के आरोप लगाने से चिकित्सा संस्थान की साख को नुकसान पहुंच सकता है।

## प्रेमी ही निकला कातिलः अंबर नदी में मिली युवती की लाश की गुत्थी सुलझी, शादी का दवाब बनाने पर घोंट दिया गला

सीहोर (ए.)। सीहोर जिले में एक ऐसा दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसने रिश्तों की नींव को ही हिला दिया। जिस प्रेम पर एक युवती ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया, उसी प्रेम ने उसकी जान ले ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।




प्रेम और विश्वास का एक खौफनाक अंत तब सामने आया जब पुलिस ने अम्बर नदी में मिली युवती की लाश की गुत्थी सुलझाई। असम की रहने वाली 32 वर्षीय राजीना बेगम हैदराबाद में एक निजी कंपनी में काम करती थी। वहीं उसकी मुलाकात नीतेश यादव पिता रामविलास यादव निवासी आरी थाना माखन नगर नर्मदापुरम से हुई और दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। जल्द ही दोनों लिव-इन में रहने लगे। कुछ दिन बाद नीतेश यादव ने राजीना से छुपाकर 13 फरवरी 26 को सगाई कर ली। जब इस धोखे का पर्दाफाश हुआ तो दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

**लिव-इन का रिश्ता बना मौत का जाल**

राजीना को सच्चाई से अनजान रखते हुए नीतेश उसे शादी का सपना दिखाकर अपने गांव आरी लेकर आया। 25 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे नीतेश ने बेरहमी से राजीना का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसका सगा भाई सचिन भी साथ था। हत्या के बाद दोनों भाइयों ने शव को बाइक पर रखा और करीब 50 किलोमीटर दूर भैरुन्दा क्षेत्र की अंबर नदी के पुल से नीचे फेंक दिया। 25 फरवरी को अज्ञात शव मिलने पर भैरुन्दा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। युवती की पहचान न होने पर उसे दफना दिया गया। लेकिन पुलिस ने हार नहीं मानी। सोशल मीडिया, रेडियो मैसेज और गुमशुदगी रिपोर्ट के आधार पर जांच जारी रखी गई।

**सोशल मीडिया से खुला राज**

भैरुन्दा थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी ने बताया कि अज्ञात शव की पहचान के लिए पुलिस ने सभी जिलों में रेडियो मैसेज प्रसारित किए और गुमशुदा महिलाओं के मामलों से मिलान किया। साथ ही मीडिया व सोशल मीडिया की मदद ली गई। 25 फरवरी से संपर्क न होने पर युवती के भाई ने 7 मार्च 2026 को साइबराबाद जिला के पेट वसीराबाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। जांच के दौरान 16 मार्च को शव की पहचान राजीना बेगम (32), निवासी लखीमपुर (असम) के रूप में हुई। इसके बाद 17 मार्च को हत्या का मामला दर्ज किया गया।

## खरगोन में व्यापारी के घर फायरिंग कर 10 करोड़ की रंगदारी मांगी, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा कनेक्शन




खरगोन (ए.)। खरगोन जिला में एक व्यापारी के घर पर फायरिंग और 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। घटना कसरावद थाना क्षेत्र के भीलगांव में सोमवार रात हुई, जब अज्ञात बदमाशों ने व्यापारी दिलीप राठौर के घर पर गोलियां चलाईं। इस वारदात का लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा होना बताया जा रहा है।

बता दें कि घटना के समय राठौर का परिवार इंदौर में था, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले में व्यापारी के बेटे सत्येंद्र राठौर की शिकायत पर बुधवार को केस दर्ज किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने बताया कि फायरिंग की घटना की पुष्टि हुई है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शिकायत के अनुसार, घटना के बाद अज्ञात लोगों ने व्हाट्सऐप कॉल और वॉइस नोट के जरिए धमकियां दीं। आरोपियों ने फायरिंग का वीडियो भेजकर 10 करोड़ रुपये की मांग की और घर उड़ाने की धमकी दी।

परिवार को मंगलवार को एक कॉल के जरिए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं, बुधवार को विदेशी नंबरों से कई कॉल आए, जिन्हें परिवार ने नजरअंदाज कर दिया। वीडियो मिलने के बाद परिवार ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें तीन नकाबपोश बदमाश बाइक पर सवार होकर घर पर फायरिंग करते नजर आए।

## व्यापार समाचार

# शेयर बाजार में हाहाकार , सेंसेक्स 2496 अंक टूटा, निफ्टी में भी 775 अंकों की गिरावट

## एक ही दिन में निवेशकों के 12 लाख करोड़ डूबे

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को भारी गिरावट रही। इससे लगातार तीन करोबारी सत्र मे जो लाभ हुआ था उससे कई गुना अधिक नुकसाना हो गया । बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। अमेरिका और इजरायल के ईरान के साउथ पार्स गैस क्षेत्र और इसकी प्रतिक्रिया में ईरान के कतर के सबसे बड़े गैस प्लांट पर हमले के बाद से ही निवेशकों में घबराहट का माहौल है। इन सभी गैस क्षेत्रों को होने वाले नुकसान से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना तय है। इसके अलावा घरेलू बाजार में एचडीएफसी बैंक के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार पर दबावा पड़ा है।

**दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई**




सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 2496.89 अंक टूटकर 74,207.24 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई

का निफ्टी-50 भी 775.65 फिसलकर 23,002 पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार आज हर क्षेत्र में बिकवाली हावी रही। इससे बाजार की कमजोरी का अंदाज होता है। आज वाहन, संपत्ति और वित्तीय शेयर सबसे ज्यादा गिरे। व्यापक बाजार में भी भारी गिरावट आई, जहां मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक करीब 3-3 फीसदी गिरे। ।

क्रूड (कच्चे ) तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से भी बाजार पर दबाव आया है। क्रूड की कीमतें 119 डॉलर के करीब पहुंच गई, जिससे नकारात्मक माहौल और गहरा गया। इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली से भी बाजार गिरा है। रुपये की कमजोरी और महंगाई व आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंताओं ने भी बाजार धारणा कमजोर हुई है।



## सोना-चांदी के भाव में गिरावट, घरेलू और वैश्विक बाजार में नरमी

**- चांदी 2.50 लाख से नीचे फिसली, सोना भी 1,084 रुपए लुढ़का**

नई दिल्ली (ए.)। सोने और चांदी के वायदा भाव में गुरुवारको गिरावट देखने को मिली। घरेलू वायदा बाजार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। खबर लिखे जाने के समय सोने का वायदा भाव करीब 1,52,150 रुपये और चांदी का भाव 2,44,950 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर सोने का अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 1,084 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,941 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,53,025 रुपये था। कारोबार के दौरान सोना 1,52,248 रुपये के उच्च स्तर और 1,51,712 रुपये के निचले स्तर तक गया। इस साल सोने ने 1,80,779 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ था, जिससे यह अभी नीचे कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी का मई वायदा कॉन्ट्रैक्ट 3,194 रुपये गिरकर 2,45,000 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 2,48,194 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय चांदी 2,44,943 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। दिन के दौरान इसका उच्च स्तर 2,45,363 रुपये और निचला स्तर 2,44,342 रुपये रहा। इस साल चांदी का उच्चतम स्तर 4,20,048 रुपये प्रति किलो रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी नरमी का रुख रहा। कॉमेक्स पर सोना 4,828 डॉलर प्रति औंस पर खुला और गिरकर करीब 4,864.70 डॉलर पर पहुंच गया। वहीं चांदी 75.36 डॉलर पर खुलकर करीब 76.47 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती दिखी।

## एसबीआई की शिकायत पर अनिल अंबानी आज आरकॉम बैंक ऋण मामले में बयान दर्ज कराएंग




नई दिल्ली (ए.)। उद्योगपति अनिल अंबानी आज आरकॉम बैंक ऋण मामले में अपना बयान दर्ज कराएंगे। यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर की जा रही है। कंपनी के प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की है। आरकॉम बैंक ऋण मामला वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से जुड़ा है। इस मामले में जांच एजेंसियां सक्रिय रूप से पड़ताल कर रही हैं। अनिल अंबानी का बयान इस जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। भारतीय स्टेट बैंक ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद यह कार्रवाई शुरू हुई। रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) लंबे समय से वित्तीय संकट का सामना कर रही है। कंपनी पर विभिन्न बैंकों का भारी कर्ज है। इस तरह के मामलों में बयान दर्ज कराना जांच प्रक्रिया का एक अनिवार्य कदम होता है। यह कदम मामले की आगे की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## अमेरिका में ब्याज दरें जस की तस, पश्चिम एशिया में तनाव के बीच फेड ने नहीं किया कोई बदलाव

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.5त्न से 3.75त्न के दायरे में यथावत रखने का फैसला किया। फेड ने कहा कि उपलब्ध संकेतक बताते हैं कि आर्थिक गतिविधियां मजबूत गति से बढ़ रही हैं, हालांकि महंगाई अब भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है।

**फेड ने क्या टिप्पणी की ?**

जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, रोजगार में वृद्धि सीमित रही है और बेरोजगारी दर में हाल के महीनों में बहुत अधिक बदलाव नहीं देखा गया है। फेड ने अपने दोहरे लक्ष्य अधिकतम रोजगार और दीर्घकाल में 2त्न महंगाई को दोहराते हुए कहा कि आर्थिक परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता अभी भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई है।

## एचडीएफसी बैंक के अध्यक्ष के इस्तीफे से शेयर नौ फीसदी लुढ़के, बाजार पूंजीकरण में भारी कमी




नई दिल्ली (ए.)। एचडीएफसी बैंक के अध्यक्ष अतनु चक्रवर्ती के नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए पद छोड़ने के बाद गुरुवार सुबह बैंक के शेयर करीब नौ फीसदी गिर गए। इस इस्तीफे के कारण देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता बैंक के बाजार पूंजीकरण में 65,176.48 करोड़ रुपये की भारी कमी आई। बैंक के शेयर अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गए, जिससे निवेशकों में चिंता बढ़ गई।

मुंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर ब्लू-चिप स्टॉक 8.41 फीसदी गिरकर 772 रुपये पर आ गया, जो इसका 52-सप्ताह का निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर भी शेयर 8.66 फीसदी लुढ़ककर 770 रुपये के 52-सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस गिरावट के साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण 12,31,666.45 करोड़ रुपये रह गया। यह शेयर बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला रहा।

सुबह के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1740.34 अंक गिरकर 74,949.92 पर कारोबार कर रहा था, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 514.85 अंक गिरकर 23,262.95 पर आ गया। यह पहली बार है कि एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष ने कार्यकाल के बीच में पद छोड़ा है, जिससे बैंक के कामकाज को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। बैंक ने देर शाम एक फाइलिंग में बताया कि चक्रवर्ती ने 18 मार्च, 2026 को बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष और स्वतंत्र निदेशक के पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने यह भी कहा कि चक्रवर्ती का इस्तीफा पत्र 17 मार्च, 2026 का था, लेकिन बैंक को यह 18 मार्च, 2026 को दोपहर 3¬17 बजे (भारतीय मानक समय) प्राप्त हुआ।

**क्या है इस्तीफे का कारण ?**

अतनु चक्रवर्ती ने अपने 17 मार्च के इस्तीफे पत्र में नैतिक चिंताओं का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा, "बैंक के भीतर पिछले दो वर्षों में मैंने कुछ ऐसी घटनाएं और प्रथाएं देखी हैं, जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। यही मेरे उपरोक्त निर्णय का आधार है।" शासन, नामांकन, पारिश्रमिक समिति के अध्यक्ष एच के भानवाला को संबोधित पत्र में चक्रवर्ती ने यह भी स्पष्ट किया। उन्होंने लिखा, "मेरे इस्तीफे के उपरोक्त कारणों के अलावा कोई अन्य महत्वपूर्ण कारण नहीं हैं।"

**अंतरिम अध्यक्षता किन्हें सौंपी गई ?**

बैंक द्वारा किए गए एक आवेदन के आधार पर, भारतीय रिजर्व बैंक ने 18 मार्च, 2026 को केकी मिस्त्री को अंतरिम अंशकालिक अध्यक्ष नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति 19 मार्च, 2026 से तीन महीने की अवधि के लिए प्रभावी होगी।




## डेलॉय रिपोर्टः 2035 तक बदल जाएगा भारतीय सेमीकंडक्टर क्षेत्र का स्वरूप, बनेगा 300 अरब डॉलर का आत्मनिर्भर बाजार

नई दिल्ली (ए.)। भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र एक बड़े बदलाव के लिए तैयार है। खास बात है कि यह 2035 तक 50 अरब डॉलर के आयात-निर्भर बाजार से बढ़कर 300 अरब डॉलर का आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर तंत्र बन जाएगा। डेलॉय की 'टेक्नोलॉजी, मीडिया एंड टेलीकम्युनिकेशंस प्रेडिक्शंस-2026' रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2030 तक करीब तीन गुना होकर 120 अरब डॉलर और 2035 तक 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि एआई, मोटर वाहन क्षेत्र और डाटा सेंटर के तेजी से विस्तार से प्रेरित होगी। 2024-25 में भारत के सेमीकंडक्टर बाजार का आकार 45-50 अरब डॉलर था। पिछले तीन वर्षों में इसकी वार्षिक वृद्धि 20त्न रही है।

## RGRL शेयर में हेरफेरीः 18 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना, पांच साल के लिए प्रतिबंध; सेबी की कार्रवाई



नई दिल्ली (ए.)। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लि. (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही, उन्हें प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से पांच साल तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

नियामक ने अपने आदेश में 18 में से 15 संस्थाओं को अवैध तरीके से कमाए गए कुल 2.94 करोड़ रुपये के लाभ को 31 दिसंबर, 2021 से भुगतान की तिथि तक 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिनों में सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा, ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। इस साजिश में आपस में जुड़े हुए संगठनों के बीच कारोबार (ट्रेडिंग) करना शामिल था। इसका मकसद कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करने के बाद मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के जरिये टिप/स्टॉक अनुशंसाओं का प्रसार करना था।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## वंशवाद कहीं विरोध भाव नजर नहीं आता

भारत भर में व्यापक रूप से फैले वंशवाद को लेकर आज कहीं विरोध भाव नजर नहीं आता। तो क्या राजनीति के कुछ परिवारों में सिमटने और लोकतंत्र के कुलीनतंत्र में तब्दील होने की विद्रूपता को सबने स्वीकार कर लिया है? अब तक राजनीति से दूर और कुछ समय पहले तक गुमनाम-सी जिंदगी जीने वाले निशांत कुमार जनता दल (यू) में शामिल हुए, तो पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि की। खबर है कि नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बनने वाली नई सरकार में निशांत उप-मुख्यमंत्री बनेंगे। वैसे, उनकी पार्टी के नेता तो उन्हें सीधे मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे हैं। निशांत ने कहा- 'पार्टी में शामिल होना मेरे पिता का निजी फैसला था, जिसे मैंने स्वीकार किया है। मैं अपने पिता के निर्देशन में काम करूंगा।' यानी यह पूरी तरह पारिवारिक घटनाक्रम है।अभी चार महीने पहले विधानसभा चुनाव में अपने गठबंधन की भारी जीत के बाद जब निशांत के पिता नीतीश कुमार फिर मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने एनडीए के घटक दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेंद्र कुशवाहा के तब तक अराजनीतिक बेटे दीपक प्रकाश को सीधे कैबिनेट मंत्री बना दिया। उस पर भी किसी को एतराज नहीं हुआ! देश में ऐसी घटनाएं आज इतनी आम हो गई हैं कि इनको लेकर बुद्धिजीवियों से लेकर मीडिया, और सियासी हलकों से लेकर आम जन तक में कोई नाराजगी नहीं देखी जाती। बल्कि इसे लोकतंत्र की सामान्य प्रक्रिया मान लिया गया है। बात इतनी आम और सर्व-स्वीकार्य हो गई है कि नीतीश कुमार की कथित खराब सेहत की चर्चा करते हुए एक बार आरजेडी नेता राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री से अपना पद निशांत को सौंप देने की मांग कर डाली थी! चूंकि राबड़ी देवी का परिवार खुद लोकतंत्र को ऐसी विद्रूपता देने में बढ़-चढ़ कर शामिल है, इसलिए उनके ऐसा करने पर कोई हैरत नहीं हुई। लेकिन ये रुझान भारतीय लोकतंत्र में लगातार गिरावट का सूचक है। नेहरू- गांधी परिवार का नेतृत्व जब कांग्रेस में सहज स्वीकार्य होता गया, तब कम-से-कम सियासत के बाकी हिस्सों से उसके खिलाफ आवाज उठती थी। वंशवाद बताकर उसकी आलोचना की जाती थी। लेकिन भारत भर में व्यापक रूप से फैले ऐसे वंशवाद को लेकर आज कहीं विरोध भाव नजर नहीं आता। तो क्या राजनीति के कुछ परिवारों में सिमटने और लोकतंत्र के कुलीनतंत्र में तब्दील होने की विद्रूपता को सबने स्वीकार कर लिया है?

# सोचनीयः अब क्यों नहीं आतीं घरों में गौरैया

**ऋतुपर्ण दवे**



भला किसने गौरैया को अपने आंगन, घर, खिड़की पर चहचहाते नहीं देखा होगा? अभी इसका जवाब हाँ है, लेकिन जिस तरह के हालात बन रहे हैं उसमें आने वाली पीढ़ी के लिए इसका जवाब न भी हो सकता है। साथ ही हममें से लगभग पुराने दौर के सभी लोगों ने 1974 में निर्मित एक प्रसिद्ध एनिमेटेड लघु फिल्म जो एक अनेक और एकता का हिस्सा है, जिसे विजया मुले और भीमसेन खुराना ने निर्देशित किया था देखी होगी। यह दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाली एकता का संदेश देने वाली एक लोकप्रिय क्लासिक फिल्म रही। बाद में कई वर्षों तक लोगों ने यह गीत भी सुना एक चिड़िया, अनेक चिड़िया, दाना चुगने आईं चिड़िया जिसे पंडित विनय चंद्र मौद्गल्य द्वारा लिखा गया। समझें कि गौरैया हमारे लिए कितनी खास थी और आज भी। लेकिन, आज उसके जीवन पर ही संकट आन पड़ा है। याद कीजिए आज से 15-20 साल पहले हर घर की खिड़की के कांच पर चोंच मारती या दीवारों की दरारों के बीच शोर मचाती और कुछ नहीं तो रोशनदान में तिनके-तिनके जोड़कर घोंसले बनाती गौरैया जिसे आमभाषा में हम चिड़िया कहते हैं घासफूंस इकट्ठा कर घोसले बनाती दिख जाती थी। कुछ ही हफ्तों में उन घोसलों से मधुर सी चीं-चीं की आवाज कर अबोध बच्चे झांकते थे जैसे ही चिड़िया आती और अपने चोंच में इकट्ठा दाना बांट-बांट कर उन्हें खिलाती, कितना आनन्द की सुखद अनुभूति होती थी! आज यह सब लगभग न के बराबर हैं। गांव, शहर और घरों से गौरैया नदारत सी है। थोड़ी बहुत कहीं दिख जाती है तो दूर जंगलों में या सफर के दौरान बियावानो में। आखिर गौरैया ने हमसे क्यों मुंह मोड़ा? कभी जानने, समझने की हमने ईमानदार कोशिश की? शायद नहीं।शुरू में तो इस पर ध्यान ही नहीं दिया कि इन्हें भी हिफाजत, स्वस्थ्य अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र की जरूरत है। इन्हें भी रोजमर्रा की बदलती जैव विविधता प्रभावित करती है। इनके भी स्वास्थय की देखभाल और परेशानियों को समझने की जरूरत है। थोड़ा पहले जाना होगा जब भारत में नया-नया मोबाइल दस्तक दे रहा था। जैसे ही गाँव-गाँव, मोहल्ले-मोहल्ले टॉवर लगने लगे तो एक सच एकाएक सामने आने लगा कि टॉवरों के आसपास गौरैया सुबह-सुबह क्यों मरी मिलती हैं? शुरू में तो लोगों को कुछ समझ नहीं आया। लेकिन बाद में पता चला कि मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन इनके स्वास्थ्य और मस्तिष्क की तरंगों को बुरी तरह प्रभावित करता है जिससे मौत हो जाती है। आखिर नन्हीं सी जान जिसका कुल वजन 15 ग्राम से 32-35 ग्राम ही होता है कैसे इन तरंगों को झेल पाएंगी? बस धीरे-धीरे गौरैया घटने लगीं और और हम बेफिक्र रहे। विलुप्ति की ओर पहुंचने वाली गौरैया के संरक्षण के उद्देश्य से हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने की शुरुआत 2010 में नेचर फॉरएवर सोसायटी संस्था यानी एनएफएस ने की। कृत्रिम घोंसलों छतों पर दाना-पानी रखने की शुरुआत को प्रोत्साहन दिया ताकि गौरैया वापस छतों पर आने लगें। लेकिन यह सच्चाई है कि 60 से 80 प्रतिशत आबादी घट ही गई। ऐसे में इस दिन को मनाकर गौरैया की चहचहाट को वापस लाने की पुरजोर कोशिश की सार्थक पहल की जा रही है। नेचर यानी एनएफएस (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउण्डेशन (फ्रांस) के सहयोग से 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाने लगा। इसकी शुरुआत नासिक के रहने वाले मोहम्मद दिलावर ने की। तभी से हर साल नए थीम के साथ इसे मनाने की परिपाटी शुरू हुई। मो. दिलावर के इस काम की हर कहीं प्रशंसा हुई। टाइम मैगजीन ने 2008 में ही इन्हें हीरोज ऑफ इन्वायरमेण्ट के तौर पर लिखा। 20 मार्च 2011 को पर्यावरण और गौरैया संरक्षण के कार्य में मदद करने वालों को सम्मानित करने के लिए एनएफएस द्वारा गुजरात के अहमदाबाद में गौरैया पुरुस्कार की शुरुआत भी हुई। उद्देश्य ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करना था जो गौरैया और पर्यावरण में अपना सहयोग दे रहे हैं।

यकीनन गौरैया धरती पर एक वो छोटी सी जान है जो सब जगह पाई जाती है। इनकी संख्या में कमीं आना बताता है कि हमने पर्यावरण को किस तरह से बिगाड़ा जिससे असर इस छोटे से प्राणी तक पर आन पड़ा। वास्तव में रेडिएशन और प्रदूषण को लेकर चिंता के बजाए हम तकनीक अपग्रेड पर केन्द्रित हो गए। कभी झुंड में भोजन की तलाश में उडने वाली ये छोटा सा पंछी अब बहुत कम दिखता है। पेट भरने के लिए छोटे-छोटे दाने और कीड़े-मकोड़े पर निर्भर चिड़िया अपने जीवनकाल में अधिकमत 3 बार अण्डे देकर बड़ी हिफाजत देखरेख करती है।

इनको बचाने और संरक्षण के लिए छतों पर इनकी पसंद के दाने जैसे काकून, बाजरा, मक्का, गेहूं, चावल और पानी रखना चाहिए। कृत्रिम घोंसले टांगकर आकर्षित करना चाहिए। बड़ी संख्या में पेड़-पौधे लगें तो भी आएंगी। हरे-भरे पेड़-पौधों में रेडिएशन कहते हैं कम होता है। फिल्म रोबोट 2.0 हमारी आँखें खोलती है। इनकी संख्या घटने के अन्यान्य कारणों में तेजी से बढ़ता शहरीकरण, पुराने घरों का टूटना, हरे-भरे क्षेत्रों में कंक्रीट के जंगल, सड़कों और कांच के टावरों से गौरैया के घोंसले बनाने और भोजन प्राप्त करने के अवसर कम होते जा रहे हैं। इसके अलावा भोजन स्रोतों में कमीं सीसा रहित पेट्रोल से निकले जहरीले यौगिक उन कीटों की संख्या घटा रहे हैं जो गौरैया का भोजन हुआ करता था। आधुनिक खेती में रासायनिक कीटनाशकों के कारण कीड़ों की आबादी घट गई। अनेकों शोध ने साबित किया कि मोबाइल टावर और विकिरण, वाई-फाई और टावरों से निकलने वाले रेडिएशन गौरैया के प्रजनन, स्वास्थ्य प्रभावित करती है। विद्युत चुंबकीय तरंगें भी नेविगेशन और भोजन खोजने की क्षमता प्रभावित करती है। इससे भी इनकी आबादी घटी है।एक बात और समझ आई कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित तापमान भी इनके जीवन को कठिन कर रही है। वायु प्रदूषण से सांस में बाधा तो कानफोडू ध्वनि प्रदूषण से साथी खोजने में जटिलता होती है। भारत में गौरैया महज पक्षी नहीं वो हमारे साझा इतिहास और संस्कृति का प्रतीक भी हैं।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के अभियान में मध्यप्रदेश बना सिरमौर

**राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर**

(नीलिमा तिवारी)

मध्यप्रदेश ने एक बार फिर जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। बेटियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को केंद्र में रखते हुए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को अग्रणी बना दिया है। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर मिली इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि जब संकल्प, समन्वय और जागरूकता एक साथ आते हैं, तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। प्रदेश में गर्भाशय ग्रीवा यानी सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब तक 14 वर्ष आयु वर्ग की 1,08,842 से अधिक बालिकाओं को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है। महज 15 दिनों में हासिल की गई यह उपलब्धि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। यह आंकड़ा भले ही कुल लक्ष्य का 13.54 प्रतिशत हो, लेकिन पूरे देश में सबसे अधिक टीकाकरण करने वाला राज्य बनने का गौरव मध्यप्रदेश को प्राप्त हुआ है। यह अभियान अगले 90 दिनों में 8 लाख से अधिक बालिकाओं को कवर करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। इस अभियान की शुरुआत 28 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर से की गई थी। इसके बाद मध्यप्रदेश में इसे मिशन मोड में लागू किया गया। उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य-चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई देते हुए निर्देश दिए हैं कि शेष पात्र बालिकाओं का टीकाकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष की बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं, ताकि उन्हें भविष्य में इस गंभीर बीमारी से बचाया जा सके।

**टीकाकरण**

एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एक ऐसा संक्रमण है, जो महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। यह कैंसर धीरे-धीरे विकसित होता है, लेकिन एक बार गंभीर अवस्था में पहुंचने पर जानलेवा साबित हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि किशोरावस्था में ही एचपीवी वैक्सीन लगा दी जाए, तो इस कैंसर से बचाव काफी हद तक संभव है। यही कारण है कि सरकार ने 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को लक्षित करते हुए यह विशेष अभियान शुरू किया है। मध्यप्रदेश में पिछले पांच वर्षों में सर्वाइकल कैंसर के मामलों में स्थिरता के साथ हल्की बढ़ोतरी भी दर्ज की गई है। हर वर्ष प्रदेश में 4 हजार से अधिक नए मामले सामने आते हैं, जबकि लगभग 2 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। ऐसे में यह टीकाकरण अभियान न केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम है, बल्कि महिलाओं के जीवन की सुरक्षा का एक सशक्त माध्यम भी है। अभियान की एक बड़ी उपलब्धि यह भी है कि अब तक वैक्सीन के किसी भी गंभीर दुष्प्रभाव (AEFI) का मामला सामने नहीं आया है। इससे लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण के दौरान सभी आवश्यक सावधानियों का पालन करते हुए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया है, जिससे अभिभावकों में किसी प्रकार की आशंका न रहे। इस अभियान की सबसे प्रेरणादायक बात यह रही कि छोटे और आदिवासी जिलों ने टीकाकरण में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, खरगोन, मंदसौर, कटनी और ग्वालियर जैसे जिलों ने लक्ष्य प्राप्ति में तेजी दिखाई है। विशेष रूप से मंडला और बालाघाट जैसे जिलों में आधे से अधिक लक्ष्य पूरा हो चुका है, जबकि कई अन्य जिलों में 40 से 50 प्रतिशत तक टीकाकरण हो गया है।

यह संकेत देता है कि अब ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोग वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने के लिए तैयार हैं। यह परिवर्तन न केवल इस अभियान की सफलता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का भी प्रतीक है। इस अभियान की सफलता के पीछे विभिन्न विभागों के बीच उत्कृष्ट समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मिलकर इस अभियान को गति दी है। स्कूलों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए गए, जिससे छात्राओं और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी जा सके।

इसके अलावा FOGSI, IMA और IAP जैसे प्रतिष्ठित संगठनों ने भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग दिया है। चिकित्सा विशेषज्ञों की भागीदारी ने अभियान को विश्वसनीयता और प्रभावशीलता प्रदान की है।

सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था

अभियान को सफल बनाने के लिए जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों ने माइक्रो प्लानिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश में यह 90 दिवसीय विशेष अभियान भविष्य में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा बनने जा रहा है।


# जीवन के दो पहलू सुख और दुख

**डॉ संध्या जैन श्रुति**

समाज में अनेक विषय है जिन पर आजकल सब चल रहे हैं सभी का अपना नजरिया होता है, अपनी सोच होती है पर हम यदि यह सोचें की जिंदगी मेंअसल आनंद तो सुख और दुख दोनों में है यही तो जीवन के दो पहलू हैं इन पर समान दृष्टि रखकर ही हमें अपनी अच्छी सोच रख सत्कर्म करने चाहिए ,नेकी कर दरिया में डाल अर्थात दूसरे के दुख में खड़े रहना और अपने लिए कभी अपेक्षा न करना ही श्रेयस्कर होता है ।हमें जीवन पथ पर संभाल कर चलना और औरों को संबल देना ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है आधुनिक दौर में यदि हम सामाजिक सौहार्द का संदेश लेकर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हैं तो निश्चित ही मन की संप्रेषणीयता सीधे मन से मन तक बात कर सकती है वैसे भी रचनाकार का कर्तव्य होता है कि वह समाज को न केवल जागृत बनाकर रखे बल्कि उसे अपने कर्तव्य बोध के प्रति भी सचेत करें।

क्योंकि चिंतनशीलता सामाजिक विसंगतियों और विषमताओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है सहज आत्मीयता, सुकोमल प्रेम ,विश्वास और समर्पण जीवन के ऐसे तत्व हैं जो प्रभाव अवश्य ही डालते हैं और यही जीव जगत का सार है अच्छी सोच और अपनी बात कहने का सुंदर तरीका सदैव आकर्षण का केंद्र होता है लोकहित और सर्वहित की भावना के साथ-साथ जहाँ पर आम आदमी की समस्याओं का और दुख दर्द का वर्णन होता है, साथ ही उनका समाधान भी होता है तो मन की सरल मिठास आल्हादित कर जाती है।

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में एक और जहाँ राजनीति आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती हैं वहीं दूसरी ओर आम आदमी भी राजनीति को प्रभावित करता है सामान्य सी बात है आज लोगों ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार का माध्यम बना लिया है समाज की समृद्धि को भ्रष्टाचार से जितना नुकसान पहुँचा है उतना और किसी ने नहीं पहुँचाया कहते हैं ना सरकारी कार्य में अगर 50 प्रतिशत का भी सदुपयोग हो जाए तो बहुत बड़ी बात है अत: व्यक्ति कहीं ना कहीं अपने कार्यों से देश और समाज को प्रभावित कर रहा है पहले के समय में ऐसा नहीं था प्रत्येक व्यक्ति का हर छोटे बड़े इंसान के प्रति सम्मान का भाव होता था। गाँव में छोटे बड़ों को आदर देते थे और बड़े छोटों को आशीष देते थे पर हम महानगरों में देखते हैं कि आजकल छोटे बड़ों का भेद समाप्त हो गया है, वह विनय भाव, सम्मान भाव ,सदाचरण बहुत कम नजर आता है। इसीलिए आज अध्ययन, चिंतन और मनन की आवश्यकता है जब चिंतन होगा तो, प्रकृति और पर्यावरण की भी चिंता होगी ।जल और जंगल की भी चिंता होगी। चिंतन से ही आम आदमी के दुख दर्द और जीवन की कठिनाइयों का विश्लेषण हो पाएगा कहाँ क्या सही हो रहा है और कहाँ क्या गलत हो रहा है इस बात को जान लेना बहुत जरूरी है इन्हीं सब बातों से तो जीवन में मिठास, गरिमा और आनंद का आल्हाद बना रहेगा।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। पार्टी में नई जिम्मेदारी मिलेगी।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आएगी।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिल जुल कर किये गए कार्यों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामले में आपको घर के बड़ों से नई सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज नए कार्य करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा, लेकिन आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कोई बड़ा निवेश ना करें।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लगन और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन धान्य में बढ़ोतरी होगी।

मीन राशि:मीन राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आएगा।

# अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं की उड़ाई धज्जियां ?

सत्येन्द्र रंजन



डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की विदेश एवं युद्ध नीतियों का क्या मकसद है, अपने इस भाषण में मार्को रुबियो ने इसे दो-टूक या बेहिचक लहजे में दुनिया के सामने रखा।.. यह वह मार्ग है, जिस पर हम आपसे (यूरोप से) हमारे साथ जुड़ने का अनुरोध करते हैं। यह वह मार्ग है, जिस पर हम पहले भी साथ चले हैं और आशा करते हैं कि फिर से एक साथ चलेंगे।

ईरान ना तो परमाणु बम बनाने की ओर बढ़ रहा था, और ना ही उससे अमेरिका को कोई तात्कालिक खतरा था, ये बातें खुद ट्रंप प्रशासन ने आधिकारिक रूप से कही हैं। पहले कांग्रेस (संसद) की ब्रीफिंग में इसे कहा गया। फिर विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगर अमेरिका हमला नहीं करता, तो ईरान पर होने वाले इजराइली हमले के जवाब में ईरान अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाता। इसलिए एहतियातन अमेरिका उस हमले में शामिल हुआ, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनई मारे गए। यानी हमला इजराइल को करना था, जिसे ढाल प्रदान करने के लिए अमेरिका ने एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं की धज्जियां उड़ाईं। दरअसल, इन दिनों अमेरिकी शासकों का जो व्यवहार है, उसमें आक्रोश, आक्रामकता, बेशर्मी और बेपदर्गी की ऐसी मिसालें भरपूर देखी जा सकती हैं। सही-गलत का ख्याल अक्सर आक्रोश की अवस्था में भूलने लगता है। आक्रामकता की स्थिति में तो व्यक्ति को इसका अहसास भी नहीं रहता कि परदे और नग्नता की हद को वह कब पार कर गया! इन दिनों डॉनल्ड ट्रंप और उनके सहकर्मी अक्सर ये हद पार करते नजर आए हैं। इस क्रम में उन्होंने खुद उन नियमों और उसूलों को दरकिनार कर दिया है, जिनका बखान कर अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने लंबे समय तक दुनिया को भरमाये रखने के लिए किया था। लोकतंत्र, मानव अधिकार, नियम आधारित विश्व व्यवस्था आदि ऐसी ही बातें थीं, जिनके जरिए पश्चिम ने अपना सॉफ्ट पॉवर बनाया। पिछले महीने उसी पश्चिम का हिस्सा- कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने दावोस में यह बेलाग मंजूर किया था कि नियम आधारित दुनिया की वो बातें कहानी भर थीं।कार्नी ने कहा- हम जानते थे कि नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की कहानी फर्जी थी। मजबूत देश अपनी सुविधा-असुविधा के मुताबिक उन नियमों से अपने को मुक्त कर लेते थे। व्यापार संबंधी नियम असमान रूप से लागू किए जाते थे। लेकिन ये कहानी उपयोगी थी। जाहिरा तौर पर यह कथा पश्चिमी देशों के लिए ही उपयोगी थी। मगर इस कहानी की साख बनाए रखने के लिए पश्चिम को भी कुछ मर्यादाओं का पालन करना पड़ता था। मगर अब ऐसा करने की कीमत - खासकर पश्चिमी साम्राज्यवाद की अग्रणी ताकत अमेरिका के लिए, उससे मिलने वाले लाभ से अधिक हो गई है। तो ट्रंप काल में अमेरिकी शासक वर्ग ने तमाम नकाब उतार फेके हैं। और ऐसा सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं हुआ है। उसने ऐसा अपने देश के अंदर भी किया है, जहां तेज हुए वर्ग संघर्ष के बीच लोकतंत्र और न्याय के आवरण को बनाए रखना उसे महंगा मालूम पड़ने लगा है, मगर इस लेख में हमारा विषय यह नहीं है। यहां हम अपना ध्यान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी साम्राज्य के बेनकाब होते चेहरे पर केंद्रित कर रहे हैं। इस सिलसिले में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में दिया गया भाषण उल्लेखनीय बना हुआ है। इस भाषण में रुबियो ने पश्चिम के औपनिवेशिक दौर को अतीत-मोह के साथ याद किया और उस दौर को वापस लाने का इरादा खुलेआम जताया। इस प्रयास में उन्होंने यूरोप का साथ मांगा, तो फिलहाल ट्रंप प्रशासन के ठोकरों से आहत यूरोपीय नेताओं में उत्साह दौड़ गया। भाषण का यही एकमात्र हिस्सा रहा, जब यूरोपीय नेताओं ने खड़े होकर तालियां बजाईं!डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की विदेश एवं युद्ध नीतियों का क्या मकसद है, अपने इस भाषण में मार्को रुबियो ने इसे दो-टूक या बेहिचक लहजे में दुनिया के सामने रखा। उनके भाषण का वो हिस्सा आज के दौर में ना सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरे पश्चिम की बेचैनी को समझने का महत्त्वपूर्ण स्रोत है। गुजरे एक साल में ट्रंप प्रशासन के कदमों का उल्लेख करते हुए रुबियो ने कहा-यह वो मार्ग है, जिस पर राष्ट्रपति ट्रंप और संयुक्त राज्य अमेरिका ने कदम रखा है। यह वह मार्ग है, जिस पर हम आपसे (यूरोप से) हमारे साथ जुड़ने का अनुरोध करते हैं। यह वह मार्ग है, जिस पर हम पहले भी साथ चले हैं और आशा करते हैं कि फिर से एक साथ चलेंगे। दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति से पहले पांच शताब्दियों तक पश्चिम का विस्तार हो रहा था- उसके मिशनरी, तीर्थयात्री, सैनिक, खोजकर्ता आदि अपने तटों से निकलकर महासागरों को पार करते हुए, नए महाद्वीपों पर बसते रहे। वे, दुनिया भर में जाकर विशाल साम्राज्यों का निर्माण करते रहे।ल्लेकिन 1945 से- कोलंबस के युग के बाद पहली बार- यह सिकुड़ने लगा। (दूसरे विश्व युद्ध में) यूरोप खंडहर में तब्दील हो चुका था। उसका आधा हिस्सा आयरन कर्टेन (यानी सोवियत खेमे में) के पीछे चला गया। ऐसा लगता था कि बाकी हिस्सा भी जल्द ही उसका अनुकरण करेगा। महान पश्चिमी साम्राज्य अंतिम पतन की ओर बढ़ चुके थे, जिस प्रक्रिया को ईश्वरविहीन साम्यवादी क्रांतियों और उपनिवेशवाद-विरोधी विद्रोहों ने और तेज कर दिया। ऐसा लगने लगा कि ये विद्रोह आने वाले वर्षों में दुनिया को बदल देंगे और मानचित्र के विशाल हिस्सों पर लाल हसुआ- हथौड़े का परचम लहरा देंगे। उस पृष्ठभूमि में, तब भी और अब भी, कई लोग यह मानने लगे कि पश्चिम के प्रभुत्व का युग समाप्त हो गया है। पश्चिम का भविष्य अब उसके अतीत की एक धुंधली और क्षीण प्रतिध्वनि मात्र होगा। लेकिन साथ मिलकर, हमारे पूर्ववर्तियों ने पहचाना कि पतन महज एक विकल्प है। यह एक ऐसा विकल्प था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया।




# ऊर्जा संरचनाओं पर ईरानी हमलों से भड़का भारत, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- यह अस्वीकार्य है



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक ब्रीफिंग में वैश्विक घटनाक्रम, ऊर्जा सुरक्षा, विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की स्थिति और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। सबसे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा पकड़े गए छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक के मामले पर प्रवक्ता ने कहा कि यह एक कानूनी विषय है और इसकी जांच जारी है। उन्होंने बताया कि भारत में कुछ क्षेत्र प्रतिबंधित और संरक्षित होते हैं जहां यात्रा के लिए विशेष अनुमति की आवश्यकता होती है। संबंधित व्यक्तियों के पास यह अनुमति थी या नहीं, यह अब न्यायालय में स्पष्ट होगा। साथ ही, भारत ने संबंधित देशों के साथ दूतावास स्तर पर संपर्क बनाए रखा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग पर भी प्रकाश डाला गया। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक कार्य समूह बना हुआ है जो इस साझा चुनौती से निपटने के लिए संस्थागत संवाद का माध्यम है। पाकिस्तान के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उसकी गतिविधियां वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय हैं और वह कई देशों के लिए खतरा बना हुआ है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हॉर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री गतिविधियों पर असर के बीच भारतीय नाविकों की स्थिति पर भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि भारत के पास दुनिया के सबसे बड़े नाविक समुदायों में से एक है और वर्तमान में 22 जहाजों पर 611 भारतीय नाविक कार्यरत हैं। कई नाविक सुरक्षित लौट आए हैं, जिनमें घायल 15 नाविक भी शामिल हैं। सरकार लगातार कंपनियों के संपर्क में है ताकि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ऊर्जा आपूर्ति पर संकट के बारे में प्रवक्ता ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हाल के हमलों और जलडमरूमध्य के बंद होने से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। भारत विभिन्न देशों और संबंधित पक्षों के साथ बातचीत कर रहा है ताकि ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके और आपूर्ति बाधित न हो। साथ ही घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## बंगाल में अघोषित इमरजेंसी, ममता बनर्जी का आरोप बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा चुनाव आयोग

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल को अनुचित रूप से निशाना बनाए जाने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने दावा किया कि चुनाव अधिसूचना जारी होने से पहले ही शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को मनमाने ढंग से हटा दिया गया है। बनर्जी ने इस कदम को राजनीतिक हस्तक्षेप करार दिया और चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयां संस्थागत निष्पक्षता को कमजोर करती हैं और राज्य में चुनावों के संचालन को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। अपने हमले को जारी रखते हुए, पॉल ने टीएमसी और वामपंथियों दोनों की आलोचना करते हुए उन पर तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन प्रयासों के बावजूद, अल्पसंख्यक समुदायों को कोई वास्तविक विकास नहीं मिला, बल्कि उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। ये टिप्पणियां चुनावों से पहले पार्टियों के बीच बढ़ते जुबानी जंग को और हवा देती हैं।

## युद्ध में ड्रोन व काउंटर ड्रोन की बड़ी भूमिका, हमें आत्मनिर्भर ड्रोन इकोसिस्टम की जरुरत : राजनाथ सिंह



नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल डिफेंस इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया रूस और यूक्रेन के साथ-साथ ईरान-इजरायल के बीच जारी संघर्ष को देख रही है, तो हम साफ देख सकते हैं कि फ्यूचर वॉरफेयर में ड्रोन्स और काउंटर-ड्रोन टेक्नोलॉजी की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने बताया कि आज भारत में एक ऐसे ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के निर्माण की जरूरत है, जिसमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हों। यह आत्मनिर्भरता सिर्फ प्रोडक्ट के स्तर पर ही नहीं बल्कि कंपोनेंट के स्तर पर भी जरूरी है। यानी ड्रोन के मॉड्यूल से लेकर सॉफ्टवेयर, इंजन और और बैटरी सभी भारत में ही बने। यह काम आसान नहीं है क्योंकि अधिकांश देशों में जहां ड्रोन्स बनते हैं, वहां कई महत्वपूर्ण कंपोनेंट चीन से आयात किए जाते हैं। नेशनल डिफेंस इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव का उद्देश्य स्वदेशी रक्षा उपकरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। यह भारत में रक्षा उपकरण बनाने का मजबूत तंत्र स्थापित करने का एक बड़ा प्रयास है।

## केरल चुनाव 2026 : भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी सूची, कई बड़े नाम शामिल

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल में 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी बीच भाजपा ने गुरुवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। यह फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता नितिन नवीन ने की। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई इस अहम बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। दूसरी सूची में कुल 39 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। सूची के अनुसार, कासरगोड से अश्विनी एम.एल., कलियास्सेरी से ए.वी. सनिल कुमार और तलिपरम्बा से एन. हरिदास को उम्मीदवार बनाया गया है। धर्मदाम से के. रंजीत और थलास्सेरी से ओ. निधीश को टिकट मिला है। कुतुपरम्बा से एडवोकेट शिजीलाल और मट्टनूर से बीजू एलक्कुझी को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

## छत्तीसगढ़ में एलपीजी सिलेण्डर की कालाबाज़ारी पर बड़ा एक्शन, 200 छापों में 1000+ सिलेंडर जब्त



रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग पर लगाम कसते हुए राज्य भर में 200 से अधिक छापों के दौरान 1,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सबसे अधिक सिलेंडर रायपुर जिले से जब्त किए गए हैं। खाद्य विभाग के अनुसार, घरेलू खाना पकाने की गैस का व्यावसायिक उपयोग रोकने के लिए चलाए गए 214 छापों में अब तक कुल 1,013 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं। अकेले रायपुर से 392 सिलेंडर जब्त किए गए, इसके बाद बिलासपुर में 201 सिलेंडर जब्त किए गए। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई वास्तविक उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और होटलों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और अन्य अनधिकृत उपयोगकर्ताओं को सब्सिडी वाले सिलेंडरों के डायवर्जन को रोकने के लिए की गई थी। खाद्य सचिव रीना बाबासाहेब कांगले की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और तेल कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निगरानी बढ़ाएं और सुनिश्चित करें कि सभी जिलों में एलपीजी वितरण सुचारू रूप से चलता रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के लिए रिफिलिंग को आसान बनाने के लिए मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप, आईवीआरएस और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सहित कई बुकिंग विकल्पों को प्रचारित करने का भी निर्णय लिया। आपूर्ति में संतुलन बनाए रखने के लिए, राज्य ने केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप वाणिज्यिक एलपीजी के लिए प्राथमिकता-आधारित वितरण प्रणाली शुरू की है। अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, सैन्य और अर्धसैनिक इकाइयों, जेलों, रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डे की कैंटीन जैसी आवश्यक सेवाओं को उनकी मासिक आवश्यकताओं के अनुसार गैस की आपूर्ति की जाएगी।

# बदला हो तो धुरंधर जैसा हो वरना न हो, सेकंड पार्ट देखकर आदित्य धर की दीवानी हुई प्रीति जिंटा



मुंबई ,(आरएनएस)। रणवीर सिंह और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' 19 मार्च, यानि आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के प्री-प्रीव्यू के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें 'नोटबंदी' से लेकर बड़े साहब (दाऊद इब्राहिम) तक को दिखाया गया है। फिल्म देखकर आई एक्ट्रेस प्रीति जिंटा धुरंधर के हर किरदार की कायल हो चुकी हैं। उन्होंने फिल्म को 'धुरंधर' से ज्यादा शानदार बताया है। प्रीति जिंटा अपने दोस्त और 'धुरंधर: द रिवेंज' के मेजर इकबाल (अर्जुन रामपाल) के साथ फिल्म देखने पहुंचीं।अभिनेत्री के मुताबिक फिल्म में जिस तरीके से रणबीर सिंह ने बदला लिया है, वो वाकई ही बड़ा बदला है। उन्होंने फिल्म के हर एक किरदार की तारीफ की और रणवीर सिंह को फिल्म की जान बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने कल रात धुरंधर 2 देखी और बस इतना ही कहना चाहती हूं कि बदला हो तो धुरंधर जैसा हो वरना न हो। निर्देशन, अभिनय, संगीत, संपादन, कहानी, कास्टिंग और हर विभाग जबरदस्त है। फिल्म देखने के बाद मम्मी ने सबसे पहले यही कहा कि वो इसे अपने दोस्तों के साथ थिएटर में दोबारा देखना चाहती हैं और मुझे भी बिल्कुल ऐसा ही लगता है। प्रीति ने दर्शकों को इतनी अच्छी फिल्म देने के लिए आदित्य धर को दिल से धन्यवाद दिया। उनका कहना है कि दर्शकों के अनुभव को मनमोहक बनाने का काम बहुत अच्छे से किया गया है, जबकि रणवीर सिंह को लेकर उन्होंने लिखा, आपने मेरा दिल जीत लिया। क्या शानदार प्रदर्शन था? क्या रेंज, क्या गहराई, क्या ईमानदारी। हर चीज को बारीकी से पर्दे पर पूरी गहराई के साथ उतारा गया है। प्रीति ने आर. माधवन, सार और अर्जुन रामपाल की भी तारीफ की और सभी से फिल्म को देखने की गुजारिश की। एक्ट्रेस के मुताबिक फिल्म के हर हिस्से में इमोशन, साजिश और हिम्मत तीनों एक साथ देखने को मिलती हैं। फिल्म के प्रेड-प्रीव्यू के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़े क्लिप्स वायरल हो रहे हैं। फिल्म के डायरेक्टर ने खुद फैंस से अपील की थी कि वे बाकी दर्शकों की एक्साइटमेंट को खराब न करें। सोशल मीडिया पर रणवीर सिंह के 'ल्यारी किंग' बनने का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

## अमेरिका-इजरायल जंग के बीच ईरान ने भारत को कहा शुक्रिया, फिर अचानक डिलीट कर दी पोस्ट; जानें क्या है ये मिस्ट्री ?



नई दिल्ली (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे भीषण युद्ध के बीच एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। भारत स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर चिकित्सा मदद भेजने के लिए भारत का आभार जताया, लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर अचानक उस पोस्ट को डिलीट भी कर दिया। इस रहस्यमयी घटनाक्रम ने कूटनीतिक हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब भारत सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर ईरान को कोई मदद नहीं भेजी जा रही है।

### सरकार नहीं, 'भारत के लोगों' को दिया था धन्यवाद

सूत्रों के हवाले से यह साफ किया गया है कि वर्तमान में भारत सरकार की तरफ से युद्धग्रस्त ईरान को किसी भी प्रकार की आधिकारिक चिकित्सा या राहत सामग्री नहीं भेजी गई है। दिलचस्प बात यह है कि ईरानी दूतावास ने भी अपनी हटाई गई पोस्ट में कहीं भी भारत सरकार का जिक्र नहीं किया था। दूतावास ने अपने पोस्ट में स्पष्ट लिखा था कि भारत के सम्मानित लोगों की तरफ से भेजी गई चिकित्सा सहायता की पहली खेप बुधवार को ईरान पहुंच गई है। पोस्ट डिलीट होने के बाद अब इस बात को लेकर सस्पेंस बन गया है कि आखिर यह मदद किसने भेजी थी और दूतावास को अपना आभार संदेश अचानक क्यों हटाना पड़ा।

### रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई थी मेडिकल किट

भारत स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (X) पर किए गए इस पोस्ट में बाकायदा यह जानकारी भी दी थी कि भारत से मिली यह चिकित्सा सहायता ईरानी 'रेड क्रिसेंट सोसाइटी' को सौंप दी गई है। इस पोस्ट के जरिए दूतावास ने संकट की इस मुश्किल घड़ी में साथ देने के लिए भारत के लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया था। हालांकि, पोस्ट के अचानक गायब हो जाने से सोशल मीडिया पर कई तरह की अटकलें तेज हो गई हैं और हर कोई इस 'डिलीटेड पोस्ट' के पीछे की असली कूटनीतिक कहानी समझना चाह रहा है।

## सोनिया गांधी पर भड़के कांग्रेस नेता थरुर कहा- जंग पर सरकार की चुप्पी मोरल सरेंडर नहीं

नई दिल्ली(ए)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरुर लगातार कांग्रेस के खिलाफ बयान दे रहे हैं। कई मौकों पर उन्होंने तंस भी कसे हैं। इस बार कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर पलटवार किया है। सोनिया गांधी ने हाल ही में एक लेख के माध्यम से सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन और उसके राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर नई दिल्ली की खामोशी भारत की विदेश नीति की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में खड़े होने के अवसर को गंवाने जैसा बताया था। इसके जवाब में थरुर ने कहा है कि जंग पर सरकार की चुप्पी मोरल सरेंडर नहीं हो सकती।पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद भारत सरकार के रुख को लेकर देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी के भीतर इस मुद्दे पर अलग-अलग राय सामने आ रही है। जहाँ पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने सरकार की चुप्पी की तीखी आलोचना की है, वहीं तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने सरकार के इस कदम को एक सोची-समझी और जिम्मेदार कूटनीति (रिस्पॉन्सिबल स्टेटक्राफ्ट) करार दिया है। हालांकि, पूर्व राजनयिक और कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इस आलोचना से असहमति जताते हुए एक अलग दृष्टिकोण पेश किया है। थरूर का तर्क है कि भारत की चुप्पी कोई नैतिक आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनाया गया एक व्यावहारिक संतुलन है। उनके अनुसार, विदेश नीति केवल नैतिक भाषणबाजी का मंच नहीं है, बल्कि यह सिद्धांतों और शक्ति के बीच संतुलन साधने का क्षेत्र है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम यंत्र स्थापित किया



अयोध्या (ए.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम यंत्र स्थापित किया और वैदिक मंत्रों के बीच प्रार्थना की, जो मंदिर निर्माण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री राम यंत्र को मंदिर की दूसरी मंजिल पर स्थापित किया गया है, जो इसका अंतिम तल भी है और पूर्णता का प्रतीक है। इस स्थापना के साथ ही मंदिर का निर्माण पूरा माना जाता है। धार्मिक अनुष्ठान दक्षिण भारत, काशी और अयोध्या के वैदिक विद्वानों द्वारा पुरोहित गणेश्वर शास्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न किए गए। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में श्री राम यंत्र स्थापना कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने जिस अयोध्या नगरी में जन्म लिया उसकी पवित्र धूलि का स्पर्श प्राप्त करना ही मैं अपना परम सौभाग्य मानती हूं। स्वयं प्रभु श्रीराम ने अपनी इस जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ बताया था। उन्होंने कहा कि इस परम पवित्र श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का भूमिपूजन, यहां रामलला के दिव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा, राम दरबार का भक्तजनों के लिए खोला जाना तथा मंदिर के शिखर पर धर्म-ध्वजारोहण की तिथियां हमारे इतिहास और संस्कृति की स्वर्णिम तिथियां हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी एक समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से वर्ष 2047 या शायद उससे पहले ही हम उन लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। राम-राज्य के आदर्शों पर चलते हुए हम सब नैतिकता और धर्माचरण पर आधारित राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। मैं चाहूंगी कि हमारे सभी देशवासी 'घट-घट व्यापी राम' के पवित्र भक्ति-भाव के साथ एकात्म होकर आगे बढ़ें। हमारे देश का पुनर्जागरण आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक, इन सभी आयामों पर हो रहा है। देव-भक्ति और देश-भक्ति, दोनों का मार्ग एक ही है। अयोध्या पहुंचने पर राष्ट्रपति का स्वागत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने किया। अपनी यात्रा के हिस्से के रूप में, राष्ट्रपति मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले लगभग 400 श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगी। वह परिसर के बाहरी हिस्से में स्थित एक मंदिर पर ध्वजारोहण भी करेंगी, जिसे परकोटा के नाम से जाना जाता है। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए पूरे शहर में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर की ओर जाने वाली सड़कों को भगवा झंडों और बैनरों से सजाया गया है, जिससे उत्सवपूर्ण और भक्तिमय वातावरण का निर्माण हुआ है।

## सरके चुनर' गाने पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान, नोरा फतेही और संजय दत्त समेत 5 लोगों को भेजा समन



नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय महिला आयोग (N C W) ने राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 'सरके चुनर तेरी सरके' गाने में अश्लीलता और अभद्रता के आरोपों से संबंधित मीडिया रिपोर्टों पर स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में अभिनेत्री नोरा फतेही, रकीब आलम, अभिनेता संजय दत्त, वेंकट के. नारायण (निर्माता, केवीएन समूह) और किरण कुमार (निर्देशक) को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की तरफ से इस मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी साझा की। आयोग का कहना है कि पहली बार देखने पर ये गाना यौन उत्तेजक, आपत्तिजनक और भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और पीओसीएसओ अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन प्रतीत होता है, इसलिए आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने नोरा फतेही, संजय दत्त, रकीब आलम, वेंकट के. नारायण और किरण कुमार को मंगलवार, 24 मार्च को दोपहर 12:30 बजे संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है। आयोग का कहना है कि उपस्थित न होने पर कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई की जा सकती है।



नई दिल्ली में, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी मुखियाओं के एक प्रतिनिधिमंडल और आदिवासी कांग्रेस के नेताओं के साथ एक बैठक के दौरान।

## मुख्यमंत्री श्री धामी ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के स्वास्थ्य को जानने एम्स ऋषिकेश का दौरा किया



देहरादून (ए.)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए एम्स ऋषिकेश का दौरा किया और चिकित्सा कर्मचारियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त की। एम्स ऋषिकेश के चिकित्सा अधीक्षक सत्य श्री बलिचा ने महाराज के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि थोड़ी सी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था, लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है। बलिचा ने कहा कि उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था, उनकी तबीयत थोड़ी बिगड़ गई थी लेकिन अब वे ठीक हैं, कोई समस्या नहीं है उनके सभी स्वास्थ्य संकेत सामान्य और स्थिर हैं। इसी दिन इससे पहले, मुख्यमंत्री धामी ने हिंदू नव वर्ष और चैत्र नवरात्रि के पहले दिन के उपलक्ष्य में अपने आवास पर पारंपरिक हवन किया और प्रार्थना की। उन्होंने भगवान शिव का जलभिषेक भी किया और राज्य के लिए आशीर्वाद मांगा। अनुष्ठानों के दौरान, धामी ने उत्तराखंड के लोगों की खुशी, समृद्धि और खुशहाली के साथ-साथ राज्य की निरंतर प्रगति और विकास के लिए माँ आदि शक्ति भगवती और भगवान महादेव से प्रार्थना की। X पर पोस्ट किए गए एक अलग संदेश में, मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के निवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी निवासियों को हिंदू नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह पवित्र अवसर नई ऊर्जा, नए संकल्पों और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है, जो हमें अपनी संस्कृति और मूल्यों के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। ईश्वर इस नव वर्ष में आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और सफलता प्रदान करें। आइए हम सब मिलकर सद्भाव, सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करें।

# शहनाज गिल के नए गाने 'बंजे दारु' ने खींचा दर्शकों ध्यायन



मुंबई (ए.)। जब कोई लोकप्रिय कलाकार किसी नए अंदाज में दर्शकों के सामने आता है तो फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ जाती है। आजकल सोशल मीडिया और म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर एक ऐसा ही गाना सुर्खियों में है। अभिनेत्री और सिंगर शहनाज गिल अपने नए गाने 'बंजे दारू' के साथ दर्शकों के बीच आई हैं, जिसने रिलीज होते ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

यह गाना यूट्यूब के लोकप्रिय चैनल हंबल म्यूजिक पर रिलीज किया गया है। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल ने इस गाने को प्रस्तुत किया है। इस ट्रैक को खुद शहनाज गिल ने अपनी आवाज दी है, जिससे यह गाना उनके फैंस के लिए और भी खास बन गया है। गाने का संगीत ब्लैक वायरस ने तैयार किया है, जबकि इसके बोल कप्तान ने लिखे हैं। इसकी धुन काफी आसान और आकर्षक है, जिसे सुनते ही श्रोताओं का मन झूमने को करता है। यही कारण है कि यह गाना तेजी से लोगों के पसंदीदा ट्रैक्स की सूची में शामिल होता जा रहा है। गाने के म्यूजिक वीडियो में शहनाज गिल का अंदाज बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश नजर आता है।

# अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने खरीदा अपना शानदार घर

मुंबई (ए.)। करीब दस साल की मेहनत और संघर्ष के बाद अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने अपना शानदार घर खरीद लिया है। सान्या ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को अपने नए घर की झलक भी दिखाई है। सान्या मल्होत्रा को फिल्म इंडस्ट्री में आए अब लगभग एक दशक हो चुका है। इस दौरान उन्होंने अपने अभिनय के दम पर इंडस्ट्री में मजबूत पहचान बनाई है। अब इसी मेहनत का नतीजा है कि उन्होंने अपना एक और सपना पूरा करते हुए मुंबई में अपना खूबसूरत घर खरीदा है। अभिनेत्री ने अपने गृहप्रवेश की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं, जिनमें वह अपने माता-पिता के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं।

सान्या ने अपने नए घर का होम टूर भी फैंस के साथ साझा किया है। तस्वीरों में उनके घर का इंटीरियर बेहद एलिगेंट और सुकून भरा नजर आता है। घर के अलग-अलग हिस्सों को बड़े ही सलीके से सजाया गया है, जिससे पूरे घर में एक कूल और पॉजिटिव वाइब दिखाई देती है। इन तस्वीरों के साथ अभिनेत्री ने अपने भावनात्मक अनुभव भी साझा किए। उन्होंने लिखा, "हर हर महादेव। सालों के सपने, मेहनत, सीखना और




विकास का यह फल है। इस घर की हर दीवार मुझे याद दिलाएगी कि धैर्य और विश्वास का परिणाम कितना सुंदर हो सकता है। इस पूरी यात्रा में मेरे परिवार और दोस्तों का भरोसा मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि यह घर सिर्फ एक मकान नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी की लंबी यात्रा का अहम हिस्सा है। उन्होंने अपने संदेश के अंत में लिखा, "मेरे घर में आपका स्वागत है।" गौरतलब है कि सान्या मल्होत्रा ने न सिर्फ अपनी निजी जिंदगी में, बल्कि प्रोफेशनल लाइफ में भी शानदार सफलता हासिल की है। उनकी ओटीटी फिल्म कथाल द्य और मिसेज. को दर्शकों और समीक्षकों से काफी सराहना मिली। खासतौर पर फिल्म 'मिसेज' में निभाए गए उनके किरदार ऋचा को काफी पसंद किया गया। इस फिल्म के लिए सान्या मल्होत्रा को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिले। उन्हें फिल्मफेयर ओटीटी अवार्डस 2025 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया। इसके अलावा शोशा रील अवार्डस 2026 और न्यूयार्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में भी उन्हें इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के सम्मान से नवाजा गया।

# राहुल वैद्य-दिशा परमार ने खरीदा सपनों का घर, बेटी संग की गृह प्रवेश की पूजा; शेयर की खूबसूरत तस्वीरें



राहुल वैद्य और दिशा परमार फैंस के पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। राहुल और दिशा ने मुंबई में नया घर खरीदा है, जिसकी शानदार तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर की हैं।

**राहुल और दिशा ने शेयर की घर की तस्वीरें**

दिशा परमार ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर गृह प्रवेश की कई तस्वीरें शेयर की हैं। पहली फोटो में राहुल और दिशा हवन में सामान डालते दिख रहे हैं। दूसरी फोटो में उनकी बेटी भी साथ है। दिशा बेटी को गोद में लिए हुए हैं।

**बेटी की क्यूट तस्वीर**


वहीं एक फोटो सिर्फ मां-बेटी की है, जहां दोनों बहुत खुश लग रही हैं। एक और फोटो में नव्या की क्यूटनेस दिखाई गई है। आखिरी फोटो में नए घर का प्रवेश द्वार दिखाया है। कैप्शन में दिशा ने सिर्फ घर का इमोजी बनाया है।

**राहुल ने कब किया था दिशा को प्रपोज**

राहुल वैद्य एक सिंगर हैं। उन्हें असली पहचान 'बिग बॉस 14' से मिली, जहां वे फाइनल तक पहुंचे थे। इसी शो में उन्होंने दिशा को प्रपोज किया था। शो खत्म होने के बाद दोनों ने शादी कर ली। अब उनकी एक प्यारी बेटी है।

# नोरा फतेही के खिलाफ जारी हुआ फतवा, 'सरके चुनर' पर डांस करने को लेकर अभिनेत्री पहले ही दे चुकीं ये सफाई

अपकमिंग फिल्म 'केडी' के गाने 'सरके चुनर' गाने पर विवाद चल रहा है। इस बीच इस मामले में एक धार्मिक संस्था के शामिल होने से नोरा फतेही



के लिए चीजें मुश्किल हो गई हैं। अलीगढ़ में मौजूद 'मुस्लिम पर्सनल दारुल इफ्ता' ने इस गाने में नजर आने को लेकर अभिनेत्री नोरा फतेही के खिलाफ फतवा जारी किया है।

**संस्था ने क्या कहा?**

एएनआई की तरफ से शेयर किए गए नोटिस के अनुसार, दारुल इफ्ता ने घोषणा की है कि 'सरके चुनर तेरी सरके' जैसे गाने, जिन्हें अश्लील माना जाता है, इस्लामी शिक्षाओं के तहत 'हराम' माने जाते हैं। इस तरह के कंटेंट में हिस्सा लेना, चाहे व्यक्ति का धर्म या बैकग्राउंड कुछ भी हो, नैतिकता और धार्म के खिलाफ है। संस्था ने आगे बताया कि इस गाने को अलग-अलग जगहों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने पहले ही इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**महिला आयोग ने भेजा समन**

गाने पर सिर्फ धार्मिक संस्था ने हस्तक्षेप नहीं किया है बल्कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले का स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने नोरा फतेही, संजय दत्त और इस प्रोजेक्ट से जुड़े अन्य लोगों को समन भेजा है।

# 'हर सिक्के के दो पहलू होते हैं', डेजी शाह ने पलाश और स्मृति के फिर साथ आने की जताई उम्मीद; कहा- प्यारी जोड़ी

संगीतकार और निर्देशक पलाश मुछाल और क्रिकेटर स्मृति मंधाना उस समय काफी सुर्खियों में थे, जब उनकी शादी रद्द हो गई थी। हालांकि, अब दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। हाल ही में पलाश की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली डेजी शाह ने पलाश मुछाल और स्मृति को लेकर बात की। हालांकि, उन्होंने दोनों के निजी जीवन को लेकर कुछ भी आंकलन करने से परहेज किया। क्योंकि उनका मानना है कि उन्हें पर्दे के पीछे की कहानी नहीं पता है।

**फिल्म के लिए पलाश ने सीधे नहीं किया डेजी से संपर्क**

मिस मालिनी के साथ बातचीत में डेजी शाह ने बताया कि स्मृति मंधाना से शादी रद्द होने के बाद पलाश ने अपनी अगली निर्देशित फिल्म के लिए उनसे सीधे संपर्क करने में हिचकिचाहट दिखाई। डेजी पलाश की अगली निर्देशित फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं।


डेजी ने खुलासा किया कि उन्हें दो-तीन अनजान लोगों के फोन आए, जिन्होंने दावा किया कि पलाश एक फिल्म बना रहे हैं और उन्हें उसमें लेना चाहते हैं। हालांकि, उन्हें यह तरीका अजीब लगा, क्योंकि उनकी पलाश की बहन पलक से गहरी दोस्ती है। इसलिए एक्ट्रेस ने कहा कि अगर पलाश सच में उनसे संपर्क



करना चाहते, तो वे सीधे उनसे या पलक के माध्यम से संपर्क करते। इसलिए यह समझ से परे है कि अजनबी लोग यह संदेश क्यों पहुंचा रहे हैं।

**ऐसे हुई डेजी की फिल्म में एंट्री**

अभिनेत्री ने आगे बताया कि इसके बाद मैंने पलाश को एक मैसेज भेजा, जिसमें मैंने इस बारे में पूछा। तब उन्होंने कहा, 'जी मैडम, यह सच है, लेकिन हाल की परिस्थितियों के कारण, मैं व्यक्तिगत रूप से किसी को फोन नहीं कर रहा हूं क्योंकि बात बिल्कुल अलग मोड़ ले सकती है।' बाद में उन्होंने कहानी



सुनाई और मैंने इस प्रोजेक्ट में आगे बढ़ने में अपना इंटरेस्ट दिखाया।

**मुझे नहीं पता असलियत क्या है**

पलाश के निजी जीवन को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं निजी जीवन से पेशेवर जीवन में आसानी से ध्यान दे सकती हूं। मुझे नहीं लगता कि निजी जीवन का पेशेवर जीवन पर कोई असर पड़ना चाहिए। सबसे पहले तो, मुझे नहीं पता कि असलियत क्या है। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं।

हमें सच में नहीं पता कि क्या गड़बड़ हुई क्योंकि यह दो परिवारों के बीच का मामला है। हम यहां बैठकर मीडिया से सुनी बातों के आधार पर राय बना रहे हैं। हमें नहीं पता कि असल सच्चाई क्या है, और इसका मतलब यह नहीं है कि मैं महिला पक्ष की बात को नकार रही हूं। मैं बस निष्पक्ष हूं।

साथ ही, उन्होंने मुझसे पेशेवर तौर पर संपर्क किया था। तो मैं भला किसी को उसके बाहरी रूप से आंकने वाली कौन होती हूं? मैं उम्मीद करती हूं कि दोनों पक्षों में सब कुछ ठीक हो जाए। वे एक साथ आ जाएं क्योंकि वे वास्तव में एक प्यारी जोड़ी हैं।

**23 नवंबर को होनी थी पलाश-स्मृति की शादी**

पलाश और स्मृति की शादी पिछले साल 23 नवंबर को होने वाली थी, लेकिन स्मृति के पिता की मेडिकल इमरजेंसी के कारण समारोह अचानक स्थगित कर दिए गए। चिंता तब और बढ़ गई जब पलाश को भी मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इसके बाद अफवाहें फैलने लगीं, कुछ लोगों ने तो यहां तक आरोप लगाया कि पलाश ने स्मृति को धोखा दिया है। बाद में पलाश और स्मृति ने बयान जारी करके अपनी शादी खत्म होने की जानकारी दी। साथ ही लोगों से अफवाहें न फैलाने और प्राइवेसी का ध्यान रखने की अपील की।

# बॉलीवुड में अपनी गायकी से भोजपुरी संगीत को दिलाई पहचान



मुंबई (ए.)। पिछले कुछ वर्षों में भोजपुरी संगीत और कलाकारों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। हिंदी फिल्मों में कई भोजपुरी सितारों ने अपनी आवाज और प्रतिभा से खास जगह बनाई है। इनमें पवन सिंह, मनोज तिवारी, शारदा सिन्हा, कल्पना पाटोवरी और मालिनी अवस्थी जैसे कलाकारों के नाम प्रमुख हैं। इन सितारों ने बॉलीवुड फिल्मों में अपनी गायकी से भोजपुरी संगीत को देशभर में नई पहचान दिलाई है। हाल ही में पवन सिंह ने फिल्म स्ट्रीट 2 के गाने आई नहीं से काफी लोकप्रियता हासिल की थी। इसके बाद से भोजपुरी और बॉलीवुड के बीच जुड़ाव और भी मजबूत होता नजर आ रहा है। इसी कड़ी में भोजपुरी इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता और नेता दिनेश लाल यादव निरहुआ ने बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गोविंदा के साथ एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है, जो तेजी से वायरल हो रही है। सोमवार को निरहुआ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दोनों कलाकार मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर के साथ निरहुआ ने भावुक संदेश भी लिखा।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, "आदरणीय बड़े भैया, हम सबके सबसे चहेते सुपरस्टार गोविंदा जी का आशीर्वाद और सानिध्य प्राप्त हुआ। हर हर महादेव।" यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई और फैंस ने इसे खूब पसंद किया।

तस्वीर पर कुछ ही समय में हजारों लाइक्स और व्यूज आ गए। फैंस लगातार कमेंट्स के जरिए दोनों सितारों के प्रति अपना प्यार जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "दो सुपरस्टार एक फ्रेम में।" वहीं एक अन्य यूजर ने गोविंदा की मशहूर फिल्म हीरो नंबर. 1 को याद करते हुए कमेंट किया। इसी तरह कई प्रशंसक इस तस्वीर पर लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# शो में बचपन की यादों में खोते नजर आए अक्षय कुमार



मुंबई (ए.)। क्विज रियलिटी शो व्हील ऑफ फार्च्यून की मेजबानी कर रहे बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने बचपन से जुड़ा एक दिलचस्प अनुभव साझा किया। शो के एक एपिसोड में अक्षय कुमार बचपन की यादों में खोते नजर आए। उन्होंने बताया कि उनके पिता पहलवान थे और घर का माहौल हमेशा खेल और मार्शल आर्ट्स से जुड़ा रहता था।

उनके अनुसार बचपन से ही घर में मार्शल आर्ट्स, कुश्ती और रेसलिंग की चर्चा आम बात थी। अक्षय ने बताया कि उनके पिता पेशेवर पहलवानों को जानते थे और कई बार उन्हें उन्हीं पहलवानों के साथ कुश्ती लड़ने के लिए कहते थे। अभिनेता ने कहा कि उस समय ये मुकाबले काफी कठिन होते थे, लेकिन उन्हीं अनुभवों ने उन्हें मजबूत बनाया और आज वही चीजें उनके काम आ रही हैं। शो में मौजूद प्रतियोगियों ख्याति रॉय, मीतू तनेजा और आकाश शर्मा के साथ बातचीत के दौरान अक्षय ने माता-पिता और बच्चों के रिश्ते पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि बचपन में मिले ये अनुभव न सिर्फ शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को मजबूत करते हैं।

# 'धुरंधर' में दर्शकों के लिए आगे और भी सरप्राइज : विक्रम भांबरी



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड अभिनेता विक्रम भांबरी ने बताया कि धुरंधर फिल्म को लेकर दर्शकों का रिस्पॉन्स काफी शानदार रहा है। उनके मुताबिक दर्शकों ने अभी तक जो देखा है, वह सिर्फ शुरुआत है और कहानी में आगे कई दिलचस्प मोड़ आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे हर किरदार अपनी पूरी ताकत के साथ उभरकर सामने आएगा।

हाल ही में उन्होंने एक बातचीत के दौरान फिल्म से जुड़े अनुभव, दर्शकों की प्रतिक्रिया और बड़े कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। उनका मानना है कि यह फिल्म दर्शकों को हर लिहाज से एक नया और रोमांचक अनुभव देने वाली है। फिल्म में काम करने के मौके को लेकर विक्रम ने कहा कि यह उनके करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ है। उन्होंने इसे भगवान की कृपा और अपने आसपास के लोगों के समर्थन का परिणाम बताया।

अभिनेता के अनुसार 'धुरंधर' जैसी बड़ी फिल्म का हिस्सा बनना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ बेहद सीख देने वाला अनुभव भी रहा। उन्होंने कहा कि जब किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करते हैं तो लोग सिर्फ अभिनय ही नहीं, बल्कि कलाकार के व्यवहार, अनुशासन और पेशेवर रवैये को भी करीब से देखते हैं। विक्रम ने आगे बताया कि फिल्म के सेट पर हर कलाकार को यह भी ध्यान रखना पड़ता है कि निर्देशक किसी किरदार को किस नजरिए से देख रहे हैं। कई बार ऐसा होता था कि उन्हें लगता था कि किसी सीन को अलग तरीके से भी निभाया जा सकता है, लेकिन निर्देशक की सोच कुछ और होती थी। हालांकि उन्होंने कहा कि निर्देशक आदित्य धर के साथ काम करने का अनुभव बेहद खास रहा। अभिनेता के अनुसार आदित्य धर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह कलाकारों को अपनी रचनात्मकता दिखाने का पूरा मौका देते हैं। अगर उन्हें लगता है कि कोई कलाकार किसी सीन में नया प्रयोग कर सकता है, तो वह उसे अलग तरीके से निभाने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। इसी खुले माहौल के कारण फिल्म की शूटिंग के दौरान चुनौती और मजा दोनों का अनुभव मिला।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम बिकने को तैयार, लगी 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की बोली

नईदिल्ली, (ए.)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बिक्री अपने आखिरी दौर में पहुंच गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस रेस में अब 2 दावेदार बचे हैं। एक बड़ी बोली स्वीडन की एक निजी निवेश कंपनी ने लगाई है। वहीं, मणिपाल अस्पताल के रंजन पई की अगुवाई में एक समूह मैदान में है, जिसमें अमेरिका की बड़ी निवेश कंपनी और सिंगापुर का निवेश समूह शामिल है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के सह-मालिक ग्लेजर परिवार और अदार पूनावाला दौड़ से बाहर हैं। सौदा करीब 2 अरब डॉलर (लगभग 18,400 करोड़ रुपये) के आसपास तय हो सकता है। ग्लेजर परिवार ने 1.8 अरब डॉलर (लगभग 16,600 करोड़ रुपये) की गैर-बाध्यकारी पेशकश की थी, लेकिन स्वीडन की निवेश कंपनी ने अपनी बोली बढ़ाकर 2 अरब डॉलर तक पहुंचा दी। फिलहाल कोई दूसरी बोली सामने नहीं आई है। सूत्रों का कहना है कि डियाजियो समूह ने इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिए 31 मार्च की समय सीमा तय की है। इस बीच, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टीम को खरीदने के लिए भी बोली लगाने वालों की अच्छी-खासी दिलचस्पी देखने को मिल रही है। 3 इच्छुक पक्षों ने पक्की बोली लगाई है, जिसमें आदित्य बिड़ला समूह सबसे आगे है। संकेत मिल रहे हैं कि आरआर पूरी टीम बेचने के लिए भी तैयार हो सकती है। बोली की रकम 1.1 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) से लेकर 1.35 अरब डॉलर (लगभग 12,500 करोड़ रुपये) के बीच है।

## मेसी के 900वें गोल के बावजूद मियामी कॉनकाकाफ चैंपियंस कप से बाहर



नई दिल्ली (ए.)। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी पेशेवर फुटबॉल में 900 गोल करने वाले इतिहास के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बन गए। मेसी ने नैशविले एससी के खिलाफ इंटर मियामी के कॉनकाकाफ चैंपियंस कप मैच में अपना ऐतिहासिक गोल किया। हालांकि इस गोल के बावजूद मेसी की टीम कॉनकाकाफ चैंपियंस कप से बाहर हो गई।मेसी ने नैशविले के खिलाफ कॉनकाकाफ चैंपियंस कप के आखिरी-16 के दूसरे लेग के मैच में जियोडिस पार्क में अपने प्रोफेशनल करियर का 900वां गोल किया। यह गोल उन्होंने मैच के 7वें मिनट में किया। अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने अपना आठवां कॉनकाकाफ चैंपियंस कप गोल किया और इंटर मियामी के लिए दो गोल में असिस्ट भी कर चुके हैं। मेसी अब क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ 900 या उससे ज्यादा गोल करने वाले दुनिया के मात्र दूसरे फुटबॉलर हो गए हैं। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में क्रोएशिया के खिलाफ पुर्तगाल के लिए खेलते हुए अपने 900 गोल पूरे किए थे। 38 साल के अर्जेंटीना के स्ट्राइकर मेसी ने राष्ट्रीय टीम के अलावा मियामी, एफसी बार्सिलोना, पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए गोल किए हैं। मेसी ने आठ बार बैलन डी'ओर जीता है। 2012 में, उन्होंने एक कैलेंडर साल में सबसे ज्यादा गोल (91) करने का रिकॉर्ड बनाया था, जिसमें बार्सिलोना के लिए 79 और अर्जेंटीना के साथ 12 गोल थे। वह सिर्फ 123 मैचों में 100 चैंपियंस लीग गोल करने वाले सबसे तेज खिलाड़ी भी हैं।मेसी के ऐतिहासिक गोल के बावजूद, इंटर मियामी कॉनकाकाफ चैंपियंस कप से बाहर हो गई क्योंकि कुल स्कोर 1-1 से बराबर रहा, लेकिन नैशविले अवे गोल नियम से आगे बढ़ गया। पहले लेग में गोललेस ड्रॉ के साथ, नैशविले एससी को अगर अवे गोल करने का मौका मिलता तो थोड़ी बढ़त मिल जाती। मेसी ने सातवें मिनट में ब्रायन श्वाके को छकाते हुए बाएं पैर से शॉट मारकर इंटर मियामी को कुल स्कोर पर 1-0 से आगे कर दिया।

## फीफा विश्व कप 2026 के लिए यूट्यूब और फीफा के बीच हुई साझेदारी

नई दिल्ली (ए.)। वीडियो स्ट्रीमिंग दिग्गज प्लेटफॉर्म यूट्यूब अब फीफा विश्व कप 2026 से जुड़ गया है। फीफा ने यूट्यूब के साथ नई और खास पार्टनरशिप का ऐलान किया है, जिससे टूर्नामेंट को ज्यादा दर्शकों तक आसानी से पहुंचाया जा सके। इससे पहले फीफा टिक-टॉक के साथ भी इसी तरह की बड़ी डील कर चुका है। इस कदम का मकसद डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए विश्व कप की पहुंच बढ़ाना और दर्शकों को नए तरीके से जोड़ना है। फीफा के लिए ब्रॉडकास्टिंग राइट्स सबसे बड़ा और अहम रेवेन्यू सोर्स हैं, जहां मीडिया कंपनियां भारी रकम खर्च करती हैं। ऐसे में यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म के साथ डील करने से इन कंपनियों को ज्यादा दर्शक और बेहतर पहुंच मिल सकती है। यह पार्टनरशिप ब्रॉडकास्टर्स को अपने कंटेंट को बेहतर तरीके से पेश करने और ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगी, जिससे टूर्नामेंट की लोकप्रियता और कमाई दोनों में लगातार बढ़ोतरी हो सकती है।

## आईपीएलः आरआर के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले ये खिलाड़ी अब नहीं हैं टीम का हिस्सा

नईदिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टीम को पहचान दिलाने में उसके बल्लेबाजों की बड़ी भूमिका रही है। कई स्टार खिलाड़ियों ने इस फ्रेंचाइजी के लिए लगातार रन बनाते हुए कई रिकॉर्ड कायम किए। उन्होंने कई अहम मुकाबलों में जीत भी दिलाई। हालांकि, अब ये बल्लेबाज इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में आगामी संस्करण में आरआर को उनकी कमी खलेगी। आइए आरआर के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों पर नजर डालते हैं।

साल 2013 में आरआर के लिए अपना पहला मुकाबला खेलने वाले संजू सैमसन इस सूची में पहले स्थान पर हैं। अब यह खिलाड़ी चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलता हुआ नजर आएगा। सैमसन ने आरआर के लिए आईपीएल 2025 तक 149 मुकाबले खेले और इसकी 144 पारियों में 31.70 की औसत और 141.24 की स्ट्राइक रेट से 4,027 रन बनाने में सफल रहे। उनके बल्ले से 2 शतक और 23 अर्धशतक निकले। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 रन रहा।

साल 2018 से 2024 तक आरआर की टीम का हिस्सा रहे जोस बटलर इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस टीम के लिए 83 मुकाबले खेले और इसकी 82 पारियों में 41.84 की औसत और 147.79 की स्ट्राइक रेट से 3,055 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 शतक और 18 अर्धशतक निकले और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 124 रन रहा। उन्होंने 305 चौकों के साथ 135 छक्के भी लगाए। अब यह खिलाड़ी गुजरात टाइटंस के लिए खेलता है।

तीसरे स्थान पर अजिंक्य रहाणे हैं जो R R के लिए साल 2011 में पहली बार खेले थे। आखिरी बार वह इस फ्रेंचाइजी के लिए 2019 में खेले। उन्होंने 100 मुकाबलों की 93 पारियों में 11 बार नाबाद रहते हुए 34.26 की औसत से 2,810 रन बनाए। उनकी स्ट्राइक रेट 122.65 की रही। रहाणे के बल्ले से 2 शतक और 17 अर्धशतक निकले और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 105* रन रहा। अभी यह खिलाड़ी कोलकाता नाइट राइडर्स का कप्तान है।

आईपीएल से संन्यास ले चुके शेन वॉटसन सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने आरआर के लिए पहला मुकाबला 2008 में खेला था। आखिरी बार वह 2015 में इस टीम के लिए खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 78 मुकाबले खेले और इसकी 76 पारियों में 11 बार नाबाद रहते हुए 36.49 की औसत से 2,372 रन बनाए। उनकी स्ट्राइक रेट 141.27 की रही। उनके बल्ले से 2 शतक और 14 अर्धशतक निकले। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104* रन रहा।

# AI डीपफेक से तंग गौतम गंभीर पहुंचे दिल्ली हाई कोर्ट, 2.5 करोड़ रुपये का दायर किया मुकदमा

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक सिविल केस दर्ज कराया है, जिसमें डिजिटल नकल, एआई से बने डीपफेक, और बिना अनुमति के उनकी आवाज और चेहरे के इस्तेमाल के चलाए जा रहे कैंपेन के खिलाफ अपने व्यक्तित्व अधिकार की पूर्ण सुरक्षा की मांग की गई है। 2025 के आखिर से गौतम गंभीर की लीगल टीम ने इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब, और फेसबुक पर नकली डिजिटल कंटेंट में तेजी से और चिंताजनक वृद्धि देखी। कई अकाउंट्स ने असली वीडियो बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फेस-स्वैपिंग और वॉइस-क्लोनिंग तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें गंभीर को ऐसे बयान देते हुए गलत तरीके से दिखाया गया जो उन्होंने कभी दिए ही नहीं। इसमें एक नकली इस्तीफे की घोषणा भी शामिल थी, जिसे 29 लाख से ज्यादा बार देखा गया। एक नकली क्लिप जिसमें उन्हें सीनियर क्रिकेटरों के विश्व कप में हिस्सा लेने के बारे में टिप्पणी करते हुए दिखाया गया था, इसे 17 लाख से ज्यादा बार देखा गया। सोशल मीडिया के अलावा, बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बिना किसी इजाजत के उनके नाम और तस्वीर वाले पोस्टर की मदद सामान बेचने में ले रहे थे। यह मुकदमा 16 डिफेंडेंट के खिलाफ दायर किया गया है। इसमें कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स जैसे जैनकी फ्रेम्स, भूपेंद्र पेंटोला, लीजेंड्स




रेवोल्यूशन, आदि शामिल हैं। इसके अलावा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में ऐमेजॉन और फ्लिपकार्ट का नाम है। वहीं टेक कंपनियों में मेटा प्लेटफॉर्म, एक्स, गूगल, यूट्यूब, आदि शामिल हैं। साथ ही आईटी मंत्रालय और दूरसंचार विभाग को भी शामिल किया गया है, जो किसी भी कोर्ट ऑर्डर को लागू करने में मदद के लिए प्रोफार्मा पार्टी हैं।

यह मुकदमा कॉपीराइट एक्ट 1957, ट्रेडमार्क्स एक्ट 1999, और कमर्शियल कोर्ट्स एक्ट 2015 का इस्तेमाल करता है, और दिल्ली हाई कोर्ट के मजबूत न्यायशास्त्र का इस्तेमाल करता है—जिसमें अमिताभ बच्चन बनाम रजत नागी, अनिल कपूर बनाम सिंपली लाइफ इंडिया, और हाल ही में सुनील गावस्कर बनाम क्रिकेट तक और अन्य के ऐतिहासिक फैसले शामिल हैं, जो पर्सनैलिटी राइट्स को एआई से होने वाले शोषण तक फैले हुए, मालिकाना हक के तौर पर लागू करने लायक अधिकार के तौर पर मजबूती से स्थापित करते हैं। गंभीर ने 2.5 करोड़ हर्जाना, सभी अकाउंट्स को हटाने, परमानेंट रोक लगाने और सभी उल्लंघन करने वाले कंटेंट को हटाने की मांग की है। उन्होंने भविष्य में अपना नाम, चेहरा और आवाज का इस्तेमाल नहीं किए जाने की मांग की भी कोर्ट से की है। इस मामले में उन्होंने कोर्ट से जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। गौतम गंभीर ने कहा, मेरी पहचान, मेरा नाम, मेरा चेहरा, मेरी आवाज को गुमनाम अकाउंट्स ने गलत जानकारी फैलाने और मेरे खर्च पर रेवेन्यू कमाने के लिए हथियार बनाया है। यह किसी निजी चोट का मामला नहीं है। यह कानून, सम्मान और उस सुरक्षा का मामला है जिसका हर सार्वजनिक हस्ती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जमाने में हकदार है।

## आईपीएल इतिहास में लगातार 3 सीजन में 600 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

नईदिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में कुछ बल्लेबाजों ने रनों के अंबार लगाए हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे प्रमुख बल्लेबाजों ने आईपीएल में अपना वर्चस्व स्थापित किया है। भारत की इस लीग के इतिहास में अब तक चुनिंदा बल्लेबाजों ने एक से अधिक सीजन में 600+ रन बनाए हैं। इनमें से सिर्फ 4 ही ऐसे बल्लेबाज हुए हैं, जिन्होंने लगातार 3 सीजन में ये आंकड़ा पार किया है। आइए इस विशेष सूची के बारे में जानते हैं।लीग इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले कोहली ने पिछले 3 संस्करणों में जोरदार प्रदर्शन किया है। आईपीएल 2025 में 15 पारियों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट के साथ 657 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 8 अर्धशतक लगाए और आरसीबी ने खिताब जीता था। उन्होंने आईपीएल 2024 में 15 पारियों में 61.75 की औसत और 154.69 की स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाए थे। वहीं, आईपीएल 2023 में इस दिग्गज बल्लेबाज ने 639 रन बनाए थे।

# विदेश समाचार

## अमेरिका के लिए ईरान नहीं पाकिस्तान है सबसे बड़ा परमाणु खतरा, अमेरिकी इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने दी चेतावनी




वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने बुधवार को पाकिस्तान को अमेरिका के सामने मौजूद प्रमुख परमाणु खतरों में से एक बताया। उन्होंने पाकिस्तान को रूस और चीन जैसी बड़ी ताकतों की श्रेणी में रखा। साथ ही, ईरान समेत कई देशों द्वारा विकसित की जा रही मिसाइल क्षमताओं को लेकर चिंता जताई। गबार्ड ने कहा, खुफिया समुदाय का आकलन है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान और पाकिस्तान विभिन्न प्रकार के नए, उन्नत और पारंपरिक मिसाइल डिलीवरी सिस्टम के विकास में लगे हैं। इनमें परमाणु और पारंपरिक पेलोड शामिल हैं, जो अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम हो सकते हैं।उन्होंने सांसदों को बताया कि खुफिया एजेंसियों का अनुमान है कि अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम मिसाइलों की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। यह संख्या 2035 तक बढ़कर 16,000 से अधिक हो सकती है, जो वर्तमान में लगभग 3,000 है। ब्रीफिंग के दौरान गबार्ड ने उत्तर कोरिया के रूस और चीन के साथ मजबूत होते संबंधों का भी उल्लेख किया। यह इस बात का संकेत है कि अमेरिका जिन देशों को अपना प्रतिद्वंद्वी मानता है, उनके बीच रणनीतिक सहयोग और गहरा हो रहा है।

## आखिरकार पाकिस्तान और अफगानिस्तान में युद्धविराम की घोषणा, ईद के अवसर पर लिया फैसला

काबुल(ए) - पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने ईद-उल-फ़ितर के अवसर पर शत्रुता में अस्थायी विराम की घोषणा की। यह कदम सऊदी अरब, तुर्की और क़तर की अपीलों के बाद उठाया गया। हालांकि, अफगानिस्तान द्वारा पाकिस्तान पर सौ से अधिक लोगों की मौत वाले घातक हमले का आरोप लगाए जाने के बाद अभी भी तनाव बना हुआ है।पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तारर ने यह घोषणा सोशल साइट एक्स पर की लेकिन कुछ घंटे बाद ही ताजातरीन हवाई हमले कथित तालिबान ठिकानों पर सीमा के पास दर्ज किए गए। तारर ने कहा कि ईद-उल-फ़ितर को ध्यान में रखते हुए अपनी पहल पर और भाईचारे वाले इस्लामिक देशों सऊदी अरब, कतर और तुर्की के अनुरोध पर पाकिस्तान ने ऑपरेशन ग़ज़ाब-लिल-हक़ के दौरान अस्थायी विराम की घोषणा करने का निर्णय लिया है।तारर ने स्पष्ट किया कि यह विराम 18/19 मार्च की मध्यरात्रि से 23/24 मार्च की मध्यरात्रि तक लागू रहेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि किसी भी सीमा



पार हमले, ड्रोन हमले या पाकिस्तान में आतंकवादी घटना होने पर ऑपरेशन तुरंत फिर से शुरू कर दिया जाएगा।पाकिस्तान की घोषणा के तुरंत बाद अफगान सरकार के प्रवक्ता ज़बिउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान सुरक्षा व रक्षा बल भी ईद की अवधि के दौरान सऊदी अरब, तुर्की व क़तर की समान अपीलों के जवाब में रक्षात्मक संचालन रोकेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उकसाया गया तो अफगानिस्तान तुरंत जवाब देने में संकोच नहीं करेगा और कहा कि अफगानिस्तान किसी भी खतरे की स्थिति में आक्रमण का साहसपूर्वक जवाब देगा।

इस संघर्ष विराम की घोषणा उस दिन के बाद आई है जब तालिबान के नेतृत्व वाले प्रशासन ने काबुल में पाकिस्तान पर घातक हमला करने का आरोप लगाया। उप-प्रवक्ता हम्दुल्लाह फ़ित्रात ने आरोप लगाया कि सोमवार रात को काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र को निशाना बनाकर बमबारी की गई, जिसमें कम से कम 400 लोगों की मौत हुई और लगभग 250 लोग घायल हुए। अफगानिस्तान में बुधवार को इस हमले में मारे गए लोगों के लिए सामूहिक अंतिम संस्कार किया गया, जिसने दुनिया का व्यापक ध्यान और निंदा खींची।अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक़्क़ानी ने इस हमले को मानवता और इस्लामी सिद्धांतों के खिलाफ अत्यंत घृणित और नीच कृत्य बताया, जैसा कि तोलो न्यूज़ ने रिपोर्ट किया। हालांकि संघर्षविराम की अस्थायी अवधि के बावजूद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

## अगर ईरान ने हमले नहीं रोके तो सऊदी अरब और उसके साझेदार करेंगे जवाबी कार्रवाई

### -सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल ने ईरान को दी चेतावनी, कहा- अब सब्र टूट रहा है

रियाद,(ए)। पश्चिम एशिया में जारी जंग अब एक नए मोड़ पर पहुंच रही है। ईरान के लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों से खाड़ी देशों की चिंता बढ़ गई है और अब सऊदी



अरब का सब्र टूटता दिख रहा है। सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि अब उनके देश और उसके सहयोगियों की सहनशक्ति खत्म हो रही है। प्रिंस फैसल ने साफ कहा कि ईरान को तुरंत अपनी रणनीति पर विचार करना चाहिए। उन्होंने इशारों में यह भी जता दिया कि अगर हमले नहीं रुके, तो सऊदी अरब और उसके साझेदार जवाबी कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेंगे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रिंस फैसल ने कहा कि हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि हमारे पास बहुत बड़ी क्षमता और ताकत है।

## FBI की वॉन्टेड लिस्ट में एक और भारतीय युवक, लाखों डॉलर ठगने का आरोप; अरेस्ट वारंट जारी

वॉशिंगटन (ए.)। Federal Bureau of Investigation (FBI) ने बुधवार को जानकारी दी कि एजेंसी भारतीय नागरिक कल्पेशकुमार रसिकभाई पटेल की तलाश कर रही है, जिस पर कई लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। FBI के अनुसार, पटेल (जिसे केनी पटेल के नाम से भी जाना जाता है) पर 2017 से 2021 के बीच कई व्यक्तियों को ठगने और उनसे बड़ी रकम ट्रांसफर करवाने की साजिश रचने का आरोप है।एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करते हुए बताया कि लगभग 35 वर्षीय पटेल के इलिनोइस और पेंसिल्वेनिया के बीच रहने की आशंका है। जांच में सामने आया है कि पटेल एक फ्यूल स्टेशन पर अटेंडेंट के रूप में काम करता था। इस दौरान उसने लोगों को झांसा देकर उनसे नकद और प्रीपेड डेबिट कार्ड के जरिए अमेरिका के विभिन्न पतों पर पैसे भेजने के लिए राजी किया। पटेल के खिलाफ United States District Court for the Eastern District of Kentucky (लंदन, केंटकी) में 22 जून 2023 को संघीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उस पर मेल और वायर फ्रॉड की साजिश रचने के आरोप लगाए गए हैं। FBI ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी के पास पटेल से जुड़ी कोई भी जानकारी हो तो वह अपने नजदीकी FBI कार्यालय, अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करें। एजेंसी ने यह भी कहा कि लोगों को फोन के जरिए यह भरोसा दिलाया गया था कि उनकी निजी जानकारी का दुरुपयोग नहीं होगा, जिसका फायदा उठाकर ठगी की गई।

## वाशिंगटन मिलिट्री बेस के ऊपर दिखे अज्ञात ड्रोन, पूरे इलाके में अलर्ट जारी; यहीं रहते हैं विदेश और रक्षा मंत्री



वॉशिंगटन (ए) - ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका की राजधानी में स्थित एक सैन्य ठिकाने के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे जाने से हड़कंप मच गया है। द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को पेंटागन के पास स्थित मिलिट्री बेस के ऊपर यह ड्रोन उड़ता देखा गया, जिसके बाद पूरे इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया।अमेरिकी अधिकारी फिलहाल यह पता लगाने में जुटे हैं कि ड्रोन कहां से आया और इसका उद्देश्य क्या था। सुरक्षा एजेंसियां इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिस इलाके में ड्रोन देखा गया, वहीं मार्को रुबियो और पीट हेगसेथ का निवास भी है। घटना के बाद दोनों नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उन्हें एहतियातन अज्ञात स्थानों पर शिफ्ट किया गया है।इस घटना के बाद यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या ईरान की गतिविधियां अब सीधे अमेरिकी धरती तक पहुंच गई हैं। अब तक ईरान पर मिडिल ईस्ट में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन अमेरिका के भीतर इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है। यदि जांच में इस ड्रोन का संबंध ईरान से जुड़ता है, तो इसे अमेरिका के लिए बड़ा सुरक्षा झटका माना जाएगा।हालांकि, इस मामले में अभी तक न तो ईरान सरकार और न ही अमेरिकी प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट की जाएगी।इधर, ईरान ने अपने रुख को और सख्त करते हुए संकेत दिए हैं कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व ने कहा है कि जब तक अमेरिका माफी नहीं मांगता और हर्जाना नहीं देता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस बीच, कतर में गैस ठिकानों पर हमलों के बाद क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है। घटनाक्रम के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने भी अपना रुख बदलते हुए ईरान के तेल और गैस ठिकानों पर हमला न करने का फैसला किया है।

## अमेरिकी बेड़े के सबसे शक्तिशाली युद्धपोत जेराल्ड आर फोर्ड में लगी भीषण आग

न्यूयार्क, (ए.)। ईरान के साथ जारी भीषण तनाव और युद्ध के बीच अमेरिका के सबसे आधुनिक और शक्तिशाली विमानवाहक पोत यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड की सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी मजबूती पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में इस युद्धपोत के लॉन्ड्री एरिया में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जो करीब 30 घंटे से अधिक समय तक धधकती रही। इस घटना ने न केवल जहाज को भारी नुकसान पहुँचाया है, बल्कि अमेरिकी नौसेना की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की पोल भी खोल कर रख दी है। हालात इतने चुनौतीपूर्ण हो गए कि जहाज के अंदरूनी हिस्सों में धुआं और आग फैलने के कारण 600 से अधिक अमेरिकी सैनिकों को अपने रहने के स्थान छोड़ने पड़े। इन जवानों को मजबूरी में फर्श और टेबल पर सोकर रातें गुजारनी पड़ रही हैं।वर्तमान में इस विशालकाय युद्धपोत को मरम्मत के लिए ग्रीस के क्रीट द्वीप की ओर भेजा गया है।

## किसान कल्याण वर्ष 2026

# नरवाई प्रबंधन के प्रति किसानों को स्वयं जागरूक कर रहे कलेक्टर



सीहोर (निप्र)। मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, कृषि को अधिक लाभकारी बनाना, मृदा की उर्वरता को बढ़ाना तथा शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाना है। इसी कड़ी में सीहोर जिले में कलेक्टर बालागुरू के. के द्वारा में किसानों एवं पर्यावरण के हित को ध्यान में रखते हुए नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर बालागुरू के. स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों से सीधे संवाद कर रहे हैं और उन्हें नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनकी इस सक्रिय पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि मृदा की उर्वरता को बनाए रखना भी है, जिससे किसानों को दीर्घकालीन लाभ मिल सके। इसी क्रम में कलेक्टर बालागुरू के. सीहोर जिले के ग्राम नरसिंह खेड़ा एवं सेवनियां पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए नरवाई प्रबंधन के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है तथा भूमि की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे उत्पादन क्षमता घटती है। इसलिए वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से नरवाई प्रबंधन अपनाना समय की आवश्यकता है कलेक्टर बालागुरू के. ने किसानों को जानकारी दी कि कृषि विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन के लिए विभिन्न अनुदानित मशीनें एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन मशीनों के उपयोग से नरवाई से भूसा तैयार किया जा सकता है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त होगा और उन्हें नरवाई जलाने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण एवं अपनी भूमि की उर्वरता को बनाए रखने के लिए नरवाई न जलाएं और शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाएं। कलेक्टर की इस पहल से जिले में जागरूकता बढ़ रही है और किसान भी नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं।

## राजस्व मंत्री श्री वर्मा सीहोर में आयोजित सूर्य उपासना कार्यक्रम में हुए शामिल

सीहोर (निप्र)। सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ अवसर पर सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन



किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर कलाकारों के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया गया। सीहोर जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिले में अनेक स्थानों पर सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि वर्ष प्रतिपदा भारतीय संस्कृति का अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व है, जो सृष्टि के आरंभ का प्रतीक होने के साथ-साथ नववर्ष के आगमन का भी सूचक है। यह दिन हमें नई ऊर्जा, नए संकल्प और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत् केवल एक कालगणना नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक वैभव का जीवंत प्रतीक है।

## कुबेरेश्वर धाम में गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर भंडारे का आयोजन, हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने की शिव और शक्ति की पूजा

### पांच क्विंटल से अधिक शुद्ध घी की खिचडी का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण



सीहोर( निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी कुबेरेश्वर धाम में गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर भंडारे के साथ करीब पांच क्विंटल से अधिक शुद्ध घी की खिचडी का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। धाम पर निशुल्क रूप से रुद्राक्ष का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की तरफ से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला आदि ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की वितरण व्यवस्था संभाली। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं यहां पर आते है। समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन, पेयजल और रुद्राक्ष वितरण आदि की व्यवस्था की है। गुरुवार को गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर सुबह शिव और शक्ति की आराधना की गई और पांच क्विंटल शुद्ध घी की खिचड़ी, तीन क्विंटल मिठा भात के अलावा रोटी और सब्जी आदि का वितरण यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को किया गया।

# बंदी छोड़ हनुमान मंदिर परिसर में हुआ ट्यूबवेल खनन




सीहोर (निप्र)। एक प्रयास एनजीओ संस्था के द्वारा बुधवार को प्रसिद्ध बंदी छोड़ हनुमान मंदिर पुरानी जेल परिसर में सेठ जी डेवलपर्स के सहयोग से नियमित श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल उपलब्ध करने के लिए ट्यूबवेल खनन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी त्रिलोकचंद्र राजपाल और रमेश मुंद्रडा के द्वारा बंदी छोड़ हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद सांवरिया सेठ बगलामुखी हनुमान जी महाराज की कृपा से एक प्रयास एनजीओ अध्यक्ष सन्नी राजपाल और संचालक रजत मुंद्डा सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नगर अध्यक्ष परमवीर संधू, यज्ञेश हिंदू ,इंजीनियर कृष्ण पाल सिंह बघेल, पार्षद नरेंद्र राजपूत के द्वारा बोरिंग मशीन ड्राइवर और खनन करने वाले कर्मचारियों को फूल मालाए पहनाकर स्वागत कर ट्यूबवेल खनन कार्य का शुभारंभ किया गया। एक प्रयास संस्था के द्वारा सीहोर शहर के एक दर्जन से अधिक मंदिरो में पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को गर्मी के मौसम में ठंडा शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए 80 लीटर पानी की क्षमता वाले गोल्ड स्टार वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में अखिलेश राज राठौर, अर्जुन दांगी, अभिषेक यादव, संदीप सोनी, प्रकाश राजपाल, आयुष गर्ग नितिन शर्मा, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र कुइया, नितिन सोनी, श्याम मंत्री, सुनील चौकसे, नवीन सेन, संजय जादौन, दिनेश झाला सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित अनेक स्थानों पर हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

सीहोर( निप्र)। शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिले की ग्राम पंचायत लसुड़िया परिहार, निमोटा, कोठरा पिपल्या, भीलखेड़ा, बमुलिया, सिराली, सीगांव सहित सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित कर इस अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के शुभारंभ कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और नागरिकों ने नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के कार्य भी प्रारंभ हुए। इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

## शहर वासियों को आज विधायक सुदेश राय देंगे 9 करोड 35 लाख रु के दो पुलों की सौगात

सीहोर (निप्र)। आज विधायक सुदेश राय सीहोर शहर वासियों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग को विधायक सुदेश राय पूरा करने जा रहे हैं।

विधायक सुदेश राय शुक्रवार को 9 करोड़ 35 लाख 44 हजार रुपए की लागत से बनने वाले इंदौर नाका से तहसील चौराहा के बीच में चद्दर पुल के पास सीवन नदी पर और दूल्हा बादशाह नाले के ऊपर बनाए जाने वाले आधुनिक नवीन पुल निर्माण का भूमि पूजन करेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम के विधायक सुदेश राय मुख्य अतिथि होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा करेंगे और और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर सम्मिलित होंगे।विधायक सुदेश राय की विशेष मांग पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सीवन नदी पर कस्बा क्षेत्र में बने अंग्रेजों के जमाने के बकरी पुल और शहर के लोकल नाले पर बने दुल्हा बादशाह क्षेत्र के पुल को ध्वस्तकर आधुनिक तकनीक से मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के द्वारा बनाए जाने के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

## बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

सीहोर( निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को एक मात्र मैच खेला गया। जिसमें जलगांव ने पीपीसीए जूनियर को 148 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में जलगांव की ओर से गणेश ने मात्र 38 गेंद पर पांच छक्कों की मदद से 83 रन, भोला चौधरी ने 54 रन और अमोल कोपले ने 25 गेंद पर 45 रन की विस्फोटक पारी खेली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी जलगांव की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में दस विकेट खोकर 249 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें गणेश ने 83 रन, सत्यम सिंह ने 10 रन, अमोल कोपले ने 45 रन, भोला चौधरी ने 54 रन, गणेश चानोरा ने 19 रन की शानदार पारी खेली। वहीं पीपीसीए जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए हार्दिक वर्मा ने तीन विकेट, केशवादित्य गोहिया ने दो विकेट, यामिनी, नवनीत सोनी, मनीष परमार ने एक-एक विकेट हासिल किया।आयोजन समिति की ओर से अतुल त्रिवेदी और प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए जूनियर टीम नौ विकेट खोकर 101 रन ही बना सकी। इसमें मनीष परमार ने 35 रन, नवनीत सोनी ने 13 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। इधर जलगांव की ओर से गेंदबाजी करते हुए दीपक-सत्यम ने दो-दो विकेट, अनमोल-सूरज ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## महाष्टमी पर की जाएगी रात्रि बारह बजे महानिशा आरती और नवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन

सीहोर( निप्र)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चेत्र नवरात्रि का पावन पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसके पहले दिन यहां पर उपस्थित आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने सुबह दुर्गा सप्त शती के पाठ के साथ आहुतियां दी। इस मौके पर भागवत कथा वाचक पंडित शिवम मिश्रा ने यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं को नव वर्ष और नवरात्रि के महत्व का वर्णन किया।यहां पर हर रोज यज्ञ के साथ आहुतियां दी जाएगी। गुरुवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने पूजा अर्चना की। इस संबंध में मंदिर के व्यवस्थापक श्री मेवाड़ा ने बताया कि कुल चार नवरात्रि का वर्णन है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी होती है। एक गुप्त नवरात्रि माघ और दूसरी आषाढ़ के महीने में आती है। इस समय शारदीय नवरात्रि का पावन अवसर चल रहा है इस साल भी यहां पर पंडित उमेश दुबे के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं के द्वारा नियमित रूप से आहुतियां दी जाएगी।

# भागवत कथा के अंतिम दिवस मनाया फाग महोत्सव, श्रद्धालुओं ने खेली फूलों की होली

### कृष्ण की हर लीला में धर्म की स्थापना, अधर्म का विनाश और प्रेम की पराकाष्ठा निहित



सीहोर। शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज के मार्गदर्शन में कथा के अंतिम दिवस फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान के भजनों के साथ यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ होली खेली। इस मौके पर महाराज ने कहाकि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का काफी महत्व है। कृष्ण की हर लीला में धर्म की स्थापना, अधर्म का विनाश और प्रेम की पराकाष्ठा निहित है। जब-जब उनके दिव्य चरित्र का स्मरण होता है, हृदय आनंद और शांति से भर उठता है। बाल लीलाएं हमें निर्दोषता और वात्सल्य का पाठ पढ़ाती हैं, जबकि रासलीला भक्ति की पराकाष्ठा है। जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहाकि द्वारपाल ने द्वारिकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है। वह अपना नाम सुदामा बता रहा है। यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए। बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए। अपने सिंहासन पर बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उनके पांव पखारे। सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया। दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। राजा हो या रंक मित्रता में सभी समान है। इसमें कोई भेदभाव नहीं होता।

## नव वर्ष प्रतिपदा पर हुआ विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

सीहोर (निप्र)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के बेनर तले स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में नव वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार हरिओम शर्मा (दाऊ) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया थे। विशेष अतिथि समाजसेवी ब्रजमोहन सोनी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप सिंह चौहान एवं कवि हीरालाल जायसवाल अनाड़ी थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं वरिष्ठ साहित्यकार स्व. रमेश गोहियाजी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना कवि गोविंद लोवानिया ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रघुवर दयाल गोहिया ने कहा कि सीहोर जिले में साहित्य परिषद सबसे अधिक सक्रियता से कार्य कर रही है। वरिष्ठ साहित्यकार स्व. रमेश गोहिया की जयंती पर लेखन कला से जुड़े युवाओं का सम्मान उन्हें और अधिक बेहतर लिखने की प्रेरणा देगा। इस तरह के आयोजनों से नव लेखकों को भी मंच पर अपनी बात कहने का अवसर प्राप्त होता रहेगा। अंत में उन्होंने व्यवस्थित आयोजन के लिए डॉ. बिजेंद्र जायसवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सनातनी हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर दो माह के बालक ने ग्रहण की आश्रम परिवार की आजीवन सदस्यता



सीहोर( निप्र)। जहां आज संपूर्ण विश्व सनातनी हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का मंगलमय आगमन एवं स्वागत कर रहा है आज इसी पावन अवसर हिंदू नववर्ष चैत्र नवरात्रि गुड़ी पड़वा पर माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार की आजीवन सदस्यता रघुनंदन राघव स्वरूप नन्हे बाल गोपाल, याशवीक शेखर चौरसिया ने श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम में आजीवन सदस्यता ग्रहण की। आज सर्वप्रथम आश्रम परिवार द्वारा पूज्य गुरुदेव परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक की उपस्थिति में प्रात: कलश घट की स्थापना की गई। भगवा ध्वज की पूजन एवं स्थापना के उपरांत भगवती गौरी अर्थात गौ माता का पूजन किया गया। सभी ने गौ माता को मंगल तिलक कर पूजन एवं गौ-ग्रास कराया। तत्पश्चात आश्रम ने डॉ. श्री गौरव ताम्रकार का मंगल तिलक कर जन्मोत्सव मनाया। आश्रम के कोषाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी द्वारा आश्रम पर पधारने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठंडा जल प्याऊ की व्यवस्था की गई, जिससे अगले 4 महीने आश्रम पर उपस्थित श्रद्धालुओं को ठंडा जल पीने को पर्याप्त मात्रा में मिल सके।

गुरुदेवजी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से बताया कि सनातन धर्म यह सिर्फ पूजा पद्धति नहीं, बल्कि सत्य, दया, क्षमा, दान और करुणा जैसे नैतिक गुणों को जीवन में उतारने की शिक्षा देता है। जीवन में धर्म नैतिकता, अर्थ , काम इच्छाएं और मोक्ष के संतुलन को महत्व देता है।

आज के इस पावन पुनीत पर्व नवरात्रि में मातृशक्ति के रूप में आश्रम मातृशक्ति प्रभारी श्रीमती प्रेमलता जी राठौर मैया विद्या जी चौरसिया, जितेंद्र तिवारी नरेंद्र शर्मा सुरेश शर्मा बृजेश पाराशर डॉक्टर गौरव ताम्रकार शैलेंद्र चंदेल शेखर चौरसिया मुकेश राठौर मंडी नितिन उपाध्याय केशव पाठक राज मालवीय एवं बड़ी संख्या में आश्रम परिवार उपस्थित रहा।

## सीवन माँ दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में हुई माँ दुर्गा की स्थापना

सीहोर। चेत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सीवन माँ दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ दुर्गा स्थापना की गई। इस मौके सीवन माँ दुर्गा उत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक पंकज गुप्ता, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुदीप सम्राट, आशीष गेहलोत उपस्थित रहे। बैठक में सर्व सहमति से बल्ली रैकवार को अध्यक्ष, सीवम माँझी, प्रियांशु रैकवार को उपाध्यक्ष, रोहित माँझी, हिमांशु रैकवार को सचिव एवं खुशी मोटवानी, विशेष सौलंकी को सहसचिव बनाया गया। समिति द्वारा अतिथियों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया। मनोनित सभी पदाधिकारियों को उपस्थितजनों ने शुभकामनाऐं प्रेषित की।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला सीहोर की जिला समन्वय समिति का हुआ पुनर्गठन

सीहोर( निप्र)। अखिल विश्व गायत्री परिवार सीहोर की जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन भोपाल उपजोन समन्वयक रघुनाथ प्रसाद हजारी एवं उपजोन सदस्य डॉ विमल तेजराज की उपस्थिति में किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ सीहोर में आयोजित जिला स्तरीय गोष्ठी में पिछले 16 माह की प्रगति रिपोर्ट को देखते हुए जिला समन्वयक का दायित्व प्रेमलाल कुशवाहा पुन: को सौंपा गया। गायत्री परिवार की स्वस्थ परंपरा के अनुसार इस संगठन विस्तार का मुख्य उद्देश्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के युग परिवर्तन के संदेश को घर-घर जन जन तक पहुंचाना अखंड दीप एवं वंदनिया माता भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष और विभिन्न रचनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिएरचनात्मक अभियानों का दायित्व प्रतिनिधियों को सौंपा गया, जिला स्तर के प्रभारी गण जिला संयोजक प्रेमलाल कुशवाहा सह संयोजक चंदर सिंह सोनानिया, सह संयोजक व पदेन मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती रमिला परमार रिपोर्ट व रिकॉर्डिंग भोपाल सिंह परमार, मंडल विस्तार अभियान महेश विजयवर्गीय, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा यशपाल कुशवाहा, नशा व्यसन कुरीति उन्मूलन छोटे राम चौहान, एवं स्वाध्याय शंकर लाल विश्वकर्मा, पर्यावरण एवं जल संरक्षण जीवन सिंह ठाकुर, शिक्षा एवं बाल संस्कार शाला शिवनारायण सोनानिया, स्वावलंबन एवं शिक्षण प्रशिक्षण प्रहलादसिंह वर्मा, साहित्य एवं विस्तार पत्रिका अभियान भगवत प्रसाद मल्होत्रा, स्वास्थ्य आंदोलन जमुना प्रसाद गौर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभा के अंत में सभी चयनित कार्यकर्ताओं का पुष्प अक्षत के साथ स्वागत एवं नए दायित्व के लिए शुभकामनाओं सहित अभिनंदन किया गया।


## //जाहिर सूचना//

मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण शेख रहीम आ. शेख खैराती व श्री रमजान खा आ. चांद खा एवं हमीद खां आ. शेख खैराती भूमि खसरा नम्बर 313/4/1/1/1 (एस) के भाग मे से 0.54 एकड भूमि एवं खसरा नम्बर 313/3/1/1/2 व खसरा नम्बर 313/3/1/2/2 कुल किता 02 कुल रकबा 0.744 हैक्टेयर विक्रेता का हिस्सा 0.525 हैक्टेयर यानि 1.29 ऐकड भूमि इस प्रकार कुल 1.83 ऐकड भूमि तीनो विक्रेतागण के हिस्से में से क्रय करने का अनुबंध पत्र निष्पादित किया है जो कि निवासी ग्राम मोगराफूल व कृषक ग्राम महोडिया तहसील व जिला सीहोर में स्थित है जिसका बयाना विक्रेतागण को सौप दिया है एवं विक्रय पत्र निष्पादित कराना शेष है किसी भी वित्तिय बैंक, बिजली विभाग व किसी भी शासकीय विभाग या किसी व्यक्ति विशेष का पूर्व अनुबंध आदि हो तो वह उक्त जाहिर सूचना के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है समय अवधि व्यतित हो जाने के बाद कोई भी दावा आपत्ति मान्य नही होगी मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने व्यय पर करा लेंगे सर्वसाधारण सूचित है।

**धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति**
**बी.ए.एल.एल.बी.**
**(एडवोकेट) रजि. नं. 1065/07**
**इंदौर नाका, इछावर रोड, सीहोर 9826976716**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com